जीवन दर्शन

दैनिक
ग्लोबल हेराल्ड

LOCAL TO GLOBAL

महानगर संस्करण

www.globalherald.news

शुक्रवार 3 मई, 2024 » वर्ष 13 » अंक 82 » इंदौर-भोपाल से प्रकाशित » पेज 6 » मूल्य ₹ 2.00

भविष्य केवल उनका है जो सपनों की सुंदरता में यकीन करते है।
- एलेअनोर रूजवेल्ट

कभी धर्म बदलतीं तो कभी माफी मांगती नजर आ रहीं गोविंदा...

पृष्ठ 6 पर

न्यूज ब्रीफ

भ्रष्टाचार पर अंकुश केवल भाषण देने से नहीं लगेगा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

छपरा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश केवल भाषण देने से नहीं लगेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नेप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य करने की तारीफ करते हुए कहा कि जब उन्होंने जनधन खाता खोलने की बात की थी, लोग समझ नहीं पा रहे थे, क्या होने वाला है, लेकिन, आज उन्होंने जनधन, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रिमूर्ति खड़ी की है कि दिल्ली से चला 100 पैसा लोगों के अकाउंट में सीधे आता है। छपरा में सारण से भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूड़ी के नामांकन पत्र भरने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश केवल भाषण देने से नहीं लगेगा। सिस्टम में बदलाव करना पड़ा है। एक वह दौर था, जब मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते थे, लेकिन, अटल बिहारी वाजपेयी सरकार रही हो या नरेंद्र मोदी की सरकार, किसी की हिम्मत नहीं कि उस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा दे।

चीन : भारी बारिश के कारण राजमार्ग ढहा, 36 लोगों की मौत, 30 घायल

बीजिंग। दक्षिणी चीन में भारी बारिश के बाद एक राजमार्ग का एक हिस्सा ढह गया, जिसके कारण कई कारें ढलान से नीचे गिर गईं और कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी। मीझोउ शहर सरकार ने कहा कि बुधवार सुबह करीब 2 बजे राजमार्ग के 17.9 मीटर लंबे हिस्से के खिसकने के बाद 23 वाहन एक गड्ढे में पाए गए। एक सरकारी बयान में कहा गया कि तीस अन्य लोगों को चोटें आईं हैं। उनकी स्थिति सामान्य है और इलाज जारी है। गुआंग्डोंग प्रांत के कुछ हिस्सों में पिछले दो हफ्तों में रिकॉर्ड बारिश और बाढ़ के साथ-साथ ओलावृष्टि भी देखी गई है।

कैसरगंज से बीजेपी ने बृजभूषण शरण सिंह के बेटे को बनाया उम्मीदवार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा ने बृजभूषण सिंह के छोटे बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दिया है। इसके बाद ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए बजरंग पुनिया ने कहा, ये देश की बेटियों, बहनों, महिलाओं और खिलाड़ियों के लिए बड़े दुःख की बात है। पहले सरकार ने खिलाड़ियों से वादा करके फेडरेशन में उसका डमी आदमी बैठा दिया। अब भाजपा उनके बेटे को टिकट देकर यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि हमने तो उनको टिकट नहीं दिया, लेकिन, सब जानते हैं कि कुश्ती फेडरेशन से लेकर राजनीति में उसका ही दबदबा है।

गलवान की तरह शक्सगाम घाटी में चीन ने रची साजिश, भारत ने कहा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

नई दिल्ली ■

पाकिस्तान और चीन की नापाक गठजोड़ बनाकर भारत के खिलाफ साजिश कर रहा है। चीन ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित शक्सगाम घाटी में अवैध सड़क निर्माण कर रहा है। इसे लेकर भारत ने कड़ा एतराज जताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पीओके में स्थित शक्सगाम घाटी भारत का अभिन्न अंग है। भारत चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को स्वीकार नहीं करता है। 1963 में पाकिस्तान ने इस इलाके को पाकिस्तान को सौंपने का प्रयास किया था।



सियाचिन पर लहरा रहा है भारत का सबसे ऊँचा तिरंगा

दुनिया का सबसे ऊँचा युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर भारत का तिरंगा लहरा रहा है। यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से बहुत ही अहम है। इस पर भारत और पाकिस्तान दोनों इस क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। चीन द्वारा शक्सगाम घाटी में सड़क निर्माण से इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने साफ कहा कि हम शक्सगाम घाटी को अपना क्षेत्र मानते हैं। हमने 1963 का तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौता कभी भी स्वीकार नहीं किया है। इसके माध्यम से ही पाकिस्तान ने अवैध रूप से इस क्षेत्र को चीन को सौंपने का प्रयास किया था। हमने लगातार इस समझौते को खारिज किया है। हमने जमीनी स्तर पर तथ्यों को बदलने के अवैध प्रयासों के खिलाफ चीनी पक्ष के साथ अपना विरोध दर्ज कराया है। हम अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। किसी भी बाहरी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। सियाचिन और शक्सगाम घाटी में हमारी पैनी नजर है और वह अपने हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।

उपग्रह से पता चली चीनी हरकत

भारतीय उपग्रहों की रिपोर्ट से भारत को चीनी हरकत के बारे में पता चला। उपग्रह के चित्रों में पाया गया है कि चीन सियाचिन ग्लेशियर के पास शक्सगाम घाटी में अवैध रूप से सड़क निर्माण कर रहा है। इसके बाद भारत ने इस निर्माण पर आपत्ति जताई है व कहा है कि शक्सगाम घाटी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर का हिस्सा है और यह पूरा ही हिस्सा हमारा है। भारत ने कहा कि अगर चीन की हरकत बंद नहीं हुए तो अपनी हितों के रक्षा के लिए भारत के पास अधिकार सुरक्षित है। अपनी सुरक्षा के लिए हर कदम उठाएगा।

इमरती पर पटवारी का विवादित बयान, बोले-स खत्म हो गया है

ग्वालियर ■

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर विवादित बयान दे डाला है। मुरैना में प्रियंका गांधी की सभा से लौटने के बाद गुरुवार की रात शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. देवेंद्र शर्मा के कमलसिंह के बाग स्थित निवास पर रात्रि भोज करने के लिए पहुंचे। जहां मीडिया से चर्चा करते हुए पटवारी ने पूर्व मंत्री इमरती देवी के संबंध में ऐसे शब्द बोल दिए कि राजनीति गरमा गई।

पटवारी का कहना था कि 'इमरती देवी का रस खत्म हो गया है। दूसरी तरफ पटवारी के इस बयान से आहत इमरती देवी ने कहा है कि वे पटवारी के खिलाफ एफआइआर कराएंगीं। भाजपा ने पटवारी के इस बयान पर कांग्रेसियों की मानसिकता को महिला विरोधी बताते हुए घेरा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के इन बिगड़े बोलों पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा है। भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने एक्स पर लिखा कि- 'क्या पटवारी सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी को इसी नजर से देखते हैं। ऐसा क्यों है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महिलाओं को अपमानित करने के लिए ऐसे शब्द ढूंढकर लाते हैं। दिग्विजय सिंह को टंच माल और कमल नाथ को आइटम नजर आती हैं और उन्हीं का अनुशरण करते हुए पटवारी अनुसूचित वर्ग की महिला में रस और चाश्नी खोज रहे हैं।

प्रियंका गांधी का बड़ा इमोशनल बयान बोलीं-

मेरी मां का मंगलसूत्र इस देश को कुर्बान है..

मुरैना ■

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार चरम पर है। कम मतदान से चिंतित राजनीतिक दलों के केंद्रीय नेताओं ने भी अब मोर्चा संभाल लिया है। पीएम मोदी के दौरे के बाद अब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वॉड्रा ने गुरुवार को मुरैना में जनसभा को संबोधित किया और पीएम नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। मुरैना में प्रियंका मंच से पिता राजीव गांधी और दादी इंदिरा गांधी की शहादत का जिक्र करते हुए इमोशनल हो गईं।

मुरैना में इमोशनल हुई प्रियंका गांधी

मुरैना में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी इमोशनल हो गईं उन्होंने कहा कि 19 साल की उम्र में जब मैं अपने शहीद पिताजी के टुकड़े घर लाई तो मैं नाराज थी इस देश से। मेरे दिल में ये भावना थी कि मैंने अपने पिता को तुम्हारे पास भेजा तुम्हारी जिम्मेदारी थी उन्हें सलामत रखना लेकिन तुमने ये टुकड़े भेजे। आज मैं अब समझती हूं की शहादत क्या होती है। आज मैं 52 साल की हूं और पहली बार ये बात मैंने किसी से कही है।

मेरे पिता को विरासत में शहादत की भावना मिली

प्रियंका गांधी ने पीएम नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए आगे कहा कि मोदी जी मंच पर खड़े होकर मेरे पिताजी को देशद्रोही बोलते हैं कहते हैं कि मेरे पिता ने विरासत लेने के लिए कानून बदल दिया। मोदी जी इस बात को समझ नहीं पाएंगे की मेरे पिताजी को विरासत में धन दौलत नहीं बल्कि विरासत में शहादत की भावना मिली। आप इस बात को समझ सकते हैं ।जो मोदी जी इंदिरा गांधी जैसी जैसी एक शहीद के बारे में उलटी बातें करते हैं, जो मोदी जी इस भावना को देखकर सिर्फ परिवार वाद देखते हैं देशभक्ति और शहादत नहीं देखते वो मोदी जी नहीं समझ सकते। हमें देशद्रोही कहें, हम घर से निकाल दें, संसद से निकाल दें, भाई पर न जाने कितने केस डाल दें, वो लड़ेगा हम लड़ेंगे, हमें मार डालें लेकिन वो हमारे दिल से ये भावना नहीं निकाल सकते हैं।

मंगलसूत्र को लेकर किया करारा प्रहार

मंगलसूत्र छीनने वाले बयान को लेकर भी प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर करारा हमला बोला। प्रियंका ने कहा कि मोदी जी देश के प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि एक्सरे मशीन लेकर कांग्रेस पार्टी आपका सोना आपकी संपत्ति और आपका मंगलसूत्र ले जाएंगे। कांग्रेस पार्टी की सरकार 55 साल रही कभी ऐसा हुआ। मेरी मां का मंगलसूत्र इस देश को कुर्बान है ये बात करते हैं। इंदिरा जी ने अपना सोना दिया देश की जंग के समय दिया था और ये लोग ये बातें करते हैं। कांग्रेस पार्टी आपका कुछ छीनने वाली नहीं है। इंदिरा जी गरीबों को पट्टा दिलाती थीं इन्होंने ये बदलकर गरीबों की जमीन खरबपतियों को दे दी। ये कहते हैं हम आपकी चोरी करेंगे।

'वो घुसकर मारने पर गर्व करते हैं', राहुल की तारीफ के बाद फवाद का मोदी पर अटैक

नई दिल्ली ■

पाकिस्तान के पूर्व सूचना प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी के बयान से हिंदुस्तान में घमासान शुरू हो गया है. दरअसल फवाद चौधरी ने राहुल गांधी के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की, जिसके बाद बीजेपी कांग्रेस पर हमलावर हो गई है और तो और पीएम मोदी ने भी कांग्रेस पर पाकिस्तान से पार्टनरशिप का आरोप लगा दिया.

पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर इशारों-इशारों में कहा कि पाकिस्तान के नेता उन्हें प्रधानमंत्री बनते हुए देखना चाहते हैं. अब फवाद चौधरी ने एक नए ट्वीट में पीएम मोदी पर हमला बोला है. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले आखिरकार चुनावी प्रचार में पाकिस्तान की एंट्री हो ही गई.

फवाद चौधरी का पीएम मोदी पर पलटवार

नए ट्वीट में फवाद ने लिखा, 'एक दोस्त ने मुझे संतुलन बनाने और मोदी के बारे में कुछ पॉजिटिव कहने की सलाह दी, मैं घंटों से सोच रहा हूं कि एक एक्स्ट्रिमिस्ट और नफरत फैलाने वाले में सकारात्मक क्या हो सकता है? वो जो घुस कर मारने पर गर्व करते हैं, वो जो केवल आस्था के कारण लोगों की हत्या को सही ठहराते हैं? वह इतिहास बदलने के लिए मस्जिदें गिरा रहे हैं और चरमपंथी विचारधारा पर गर्व कर रहे हैं?'

पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में पोस्ट क्या किया. बीजेपी ने राहुल और कांग्रेस पर हमला शुरू कर दिया. लेकिन अपने बयान को लेकर फवाद चौधरी ने पीएम मोदी पर पलटवार किया है.

राहुल की तारीफ में क्या बोले थे फवाद

फवाद चौधरी ने राहुल गांधी के समर्थन में एक पोस्ट किया था. फवाद ने राहुल गांधी के भाषण का हिस्सा शेयर किया. और उनकी तारीफ करते हुए राहुल ऑन फायर लिखा.. खास बात ये है कि इस भाषण में राहुल गांधी पीएम मोदी की आलोचना कर रहे हैं. बस फिर क्या था.. बीजेपी को बैठे बिठाए कांग्रेस पर निशाना साधने का मौका मिल गया. गुजरात के आणंद में अपनी चुनावी रैली के दौरान पीएम मोदी ने भी फवाद चौधरी के इस पोस्ट का ज़िक्र करते हुए कांग्रेस और पाकिस्तान की पार्टनरशिप का आरोप लगाया... पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर फवाद के पोस्ट के बहाने कांग्रेस पर सीधे-सीधे पाकिस्तान से सांठ-गांठ का आरोप लगाया तो वहीं राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर बोलने के बदले पीएम मोदी से प्रज्वल रवन्ना के सेक्स स्कैंडल पर जवाब मांगा.

राहुल रायबरेली से लड़ेंगे चुनाव, अमेठी से शर्मा होंगे कांग्रेस के उम्मीदवार : सूत्र

नई दिल्ली: अमेठी-रायबरेली लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने सस्पेंस खत्म कर दिया है. राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे तो वहीं, अमेठी से केएल शर्मा कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे. सूत्रों ने यह जानकारी दी है. अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा का पूरा नाम किशोरी लाल शर्मा है. जानकारी के अनुसार वे गांधी परिवार के करीबी माने जाते हैं. शुक्रवार यानी आज अमेठी और रायबरेली सीट पर नामांकन पत्र दाखिल करने का आखिरी दिन है और इसके मद्देनजर पार्टी के अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. अमेठी से भाजपा उम्मीदवार स्मृति ईरानी पहले ही अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुकी हैं. BJP ने रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया है.

बदायूं में यादव बोले- हम पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी फ्री देंगे

बदायूं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बदायूं में आदित्य यादव के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, भाजपा के लोग संविधान और हमारी- आपकी जान के पीछे पड़े हैं। ये संविधान बदलना चाहते हैं। हम पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी फ्री देंगे। उन्होंने कोविशील्ड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, जिन्होंने वैक्सीन लगवाई, वो लोग भी भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। यह भाजपा वाले आपदा में अवसर देख रहे थे। भाजपा के लोग कहते हैं कि 80 करोड़ लोगों को राशन बांटा।

जो ने भारत समेत चार देशों को बताया जेनोफोबिक कहा- इन राष्ट्रों में नहीं होता अप्रवासियों का स्वागत

वॉशिंगटन ■

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत, जापान, चीन और रुस को जेनोफोबिक राष्ट्र करार दिया है। यूनानी मूल के शब्द जेनोफोबिया का अर्थ अजनबी या विदेशी लोगों को राजनीतिक, सांस्कृतिक या किसी अन्य कारण से खास समाज में स्वीकार न करना है। बाइडन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका के विपरीत, इनमें से कोई भी देश अप्रवासियों का स्वागत नहीं करता है।



बाइडन ने अपने समर्थकों से कहा यह चुनाव आजादी, अमेरिका और लोकतंत्र के बारे में है। आप जानते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ने का एक कारण आप लोगों की वजह से है। क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार बाइडन ने आगे कहा कि चीन आर्थिक रूप से बुरी तरह क्यों रुक रहा है? जापान, रूस और भारत को क्यों परेशानी हो रही है? क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे अप्रवासियों को नहीं चाहते हैं।

अप्रवासी हमें मजबूत बनाते हैं-बाइडन

राष्ट्रपति ने पार्टी के धन संचयन कार्यक्रम में कहा कि अप्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं और इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे पास ऐसे कर्मियों की आमद है जो अमेरिका रहना चाहते हैं और राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहते हैं। भारत और जापान चार सदस्यीय रणनीतिक सुरक्षा वार्ता क्वाड के सदस्य हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। पिछले साल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका का दौरा किया था और उस समय बाइडन ने उनकी मेजबानी की थी। इसके अलावा जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने पिछले महीने आधिकारिक यात्रा के लिए व्हाइट हाउस का दौरा किया था।

व्यंग्य : "वो हजार दुश्मन -ए - जाँ सही : फिर भी हैं मददगार..!

ग्लोबल हेराल्ड न्यूज एनालिसिस
GHNA
दिलीप शर्मा
(वरिष्ठ पत्रकार)

"वो हजार दुश्मन -ए - जाँ सही, फिर भी हैं मददगार" यह शेर पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद हुसैन पर यथार्थ लगता है, क्योंकि भारत के बारे में अक्सर जहर उगलने वाले ये शख्स प्रधानमंत्री मोदी के भी घोर विरोधी हैं और जैसे ही न्यूटन नाम के एक यूजर ने एक्स पर राहुल गांधी का मोदी विरोधी बयान पोस्ट किया तो पाकिस्तानी मंत्री ने भी तुरंत रियेक्ट किया और लिख दिया ₹ राहुल ऑन फायर ₹ अब इसमें राहुल गांधी का कोई प्रत्यक्ष दोष नहीं है लेकिन पाकिस्तानी मंत्री के शब्दों का ऐसा रिएक्शन बीजेपी नेताओं पर हुआ

कि सभी कांग्रेस पर पिल पड़े और बताने लगे कांग्रेस का पाकिस्तान से कनेक्शन,हालांकि मोदी का रिएक्शन बाकी है ..!

मोदी की खरी - खरी : शहजादे को पीएम बनाने पाकिस्तान उतावला..!

मोदी विरोधी भाषण पर यदि कोसों दूर पाकिस्तान के पूर्व सूचना प्रसारण मंत्री फवाद हुसैन खुश हो जाएं तो निश्चित ही इसमें राहुल गांधी का क्या दोष क्योंकि वे भले व्यक्ति तो रोजाना ही मोदी को कोसते रहते हैं और मोदी को भी राहुल बिना चैन नहीं पड़ता और वे भी अपने भाषण में राहुल गांधी सहित पूरी कांग्रेस पर पिल पड़ते हैं.ऐसा लगता है मोदी के मन में राहुल और राहुल के मन में मोदी.खैर अब शेर इसलिए सटीक है, क्योंकि पाकिस्तान से दुश्मनी के बावजूद मंत्री के शब्द मोदी को लाभ पहुंचाएंगे और रुझान गुजरात से शुरू हो गए जहां मोदी ने राहुल पर निशाना साधते हुए कह भी दिया कि शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है.पाकिस्तान कनेक्शन का मुद्दा चुनाव के शेष 5 चरणों तक गूंज सकता है.वैसे भी मोदी कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप बताते हुए वे आए दिन कांग्रेस पर निशाना साध ही रहे हैं.नए मुद्दे में मोदी से पहले ही बीजेपी नेता एक्टिव हो गए हैं और नेताओं ने आखिरकार सवाल कर ही दिया कि , क्या कांग्रेस पाकिस्तान में चुनाव लड़ने की योजना बना रही

है?बीजेपी आई टी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि पाकिस्तान के साथ कांग्रेस का गठबंधन इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता है.बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पोस्ट में लिखा कि इससे पहले हाफिज सईद ने कहा था कि कांग्रेस उसकी पसंदीदा पार्टी है. पीएम मोदी को हटाने के लिए मणि शंकर अय्यर समर्थन मांगने पाकिस्तान गए थे और बीके हरिप्रसाद ने खुलेआम पाकिस्तान की वकालत की थी.पूनावाला ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पाकिस्तानी आतंकवादियों का भी बचाव किया है. वैसे यह सोचने का विषय है कि मोदी कांग्रेस पर ही हमलावर क्यों रहते हैं..?पूरे देश में 243 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जहां बीजेपी का क्षेत्रीय राजनीतिक दलों से सीधा मुकाबला है.2014 में बीजेपी को ऐसी लोकसभा सीटों में से 108 पर जीत मिली थी - और कांग्रेस को 11 सीटों पर जबकि अन्य दलों को 124 सीटों पर. 2019 में बीजेपी को यहां की 118 सीटें मिली थीं. कांग्रेस को 10 सीटों पर जीत मिली थी, और अन्य दलों के खाते में 115 सीटें आई थीं.होना तो ये चाहिये था कि कांग्रेस के खिलाफ इतनी मेहनत के बजाय मोदी और बीजेपी क्षेत्रीय दलों पर फोकस करते. मजबूत रणनीति बनाकर क्षेत्रीय दलों की घेरेबंदी का प्रयास करते तो क्या लक्ष्य और आसान नहीं होता, लेकिन मोदी भी मानते हैं कि कांग्रेस ही पुरानी राष्ट्रीय पार्टी है, जिसके वोटर्स देश भर में हैं ..?

जायसवाल और रियान की तूफानी पारी पर भुवनेश्वर ने फेर दिया पानी

नई दिल्ली ■

गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 50वें मुकाबले हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 1 रन से हरा दिया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने ट्रेविस हेड और नितीश रेड्डी की अर्धशतकीय पारी और फिर हेनरिक क्लासेन की आखिरी ओवरों में आतिशबाजी की बदौलत 20 ओवर में 201 रन बनाए। 202 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की टीम यशस्वी जायसवाल और रियान पराग की अर्धशतकीय पारियों की

बदौलत 20 ओवर में सिर्फ 200 रन बना सकी और 1 रन से मुकाबला हार गई। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और अभिषेक शर्मा सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद संदीप शर्मा ने अमोलप्रीत सिंह को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दे दिया। क्रीज पर आए नितीश रेड्डी के साथ मिलकर ट्रेविस हेड ने पारी संभाली और टीम को 100 के पार पहुंचा दिया। हेड ने अपना अर्धशतक पूरा किया लेकिन 58 के स्कोर पर वह आवेश खान की गेंद पर बोल्ड हो गए।

इंदौर-उज्जैन मार्ग पर फ्लाईओवर का निर्माण रोज सुबह - शाम जनता परेशान...

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

लवकुश चौराहे पर बुधवार सुबह लोग जाम से जूझते रहे। लोगों को अरबिंदो अस्पताल से एमआर-10 टोल नाका तक आने में डेढ़ घंटे का समय लगा। वजह लवकुश चौराहे पर चौतरफा निर्माण कार्य चलना और विभागीय समन्वय न होना है। यहां रोज का यही हाल है और व्यस्ततम समय में तो हालात काफी बदतर हो जाते हैं। इसके अलावा बुधवार को लवकुश चौराहे के पास उज्जैन रोड पर भाजपा नेता का स्वागत मंच सजा था, जिससे यातायात पर काफी दबाव पड़ा। बताया जा रहा है कि इस आयोजन की जानकारी भी यातायात पुलिस के पास नहीं थी।

लवकुश चौराहा शहर के यातायात का प्रमुख चौराहा है। इंदौर-उज्जैन रोड पर सर्वाधिक यातायात चलता है। साथ ही महाकाल से ओंकारेश्वर जाने वाला यातायात भी यहीं से होकर गुजरता है। अरबिंदो अस्पताल से एमआर-10 ब्रिज तक बुधवार सुबह नौ से दोपहर करीब एक बजे तक यातायात का दबाव बना रहा। मुख्य सड़क पर जाम लगने से लोग अरबिंदो से एमआर-10 ब्रिज तरफ जाने के लिए गलियों में गए तो गलियां भी पूरी तरह चोक हो गई। लोगों ने बताया कि अरबिंदो चौराहे से एमआर- 10 टोल नाका तक आने में उन्हें डेढ़ से पौने दो घंटे का समय लगा।

यातायात पुलिस को नहीं देते जानकारी

लवकुश चौराहे पर मेट्रो लाइन के निर्माण के अलावा इंदौर - उज्जैन मार्ग पर फ्लाईओवर भी बन रहा है। ऐसे में चारों सड़कों पर निर्माण एजेंसियों का काम पसरा रहता है। वैसे तो फ्लाईओवर निर्माण के लिए दोनों तरफ लोहे के बैरिकेड्स लगे हैं, निर्माण कार्य उसी के अंदर चलता है। परंतु कई बार निर्माण एजेंसियां जेसीबी और बड़ी-बड़ी ड्रिल मशीनें सड़क पर ले आती हैं। ऐसे में इंदौर विकास प्राधिकरण और अन्य निर्माण एजेंसियां यातायात पुलिस से संपर्क नहीं करती हैं और यातायात संचालन की कोई व्यवस्था नहीं हो पाती है। इससे जाम की स्थिति पैदा होती है। परिणामस्वरूप लोग घंटों जाम में फंसते हैं। जाम लगने के बाद आनन-फानन में यातायात पुलिस सड़कों पर उतरती है।

एक किमी के रास्ते में अनेक बाधाएं

वैसे तो लवकुश चौराहे से अरबिंदो अस्पताल तक एक किमी से भी कम का रास्ता है, परंतु यहां मौजूद अव्यवस्थाएं लोगों का 10 किमी पार करने जितना समय ले लेती है। इसमें विपरीत दिशा में ड्राइविंग, अरबिंदो अस्पताल के सामने दोनों तरफ सिटी और निजी बसों की मनमानी, आटो की मनमानी पार्किंग, सर्विस रोड पर अतिक्रमण समेत कई प्रकार की बाधाएं हैं। इन वजहों से यह एक किमी से कम का रास्ता पार करने में लोगों को काफी परेशानी होती है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बड़ी मशीनों का कार्य दिन में न हो, ताकि लोगों को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अलावा यातायात पुलिस और मेट्रो विभाग से बात करके समन्वय स्थापित किया जाएगा।

- आरपी अहिरवार, सीईओ, इंदौर विकास प्राधिकरण

पति ने बोला जो करना है करो... फिर पत्नी उठा लिया खौफनाक कदम

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड



मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर से बड़ा मामला सामने आया है। जहां एक 22 साल की विवाहिता ने सुसाइड करके अपनी जान दे दी है। बताया जा रहा है कि उसने ने कदम पति की प्रताड़ना से तंग आकर उठाया है। सुसाइड करने पहले उसने वीडियो बनाकर सुसाइड की वजह बताई है। महिला के घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह मामला इंदौर के राऊ का है। जहां 22 वर्षीय पिंकी का विवाह आत्माराम से हुआ था। पिंकी का उसके पति के साथ किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता था। इसी बीच वह पत्नी के साथ मारपीट भी करता था। इसी बात को लेकर पिंकी परेशान रहने लगी। सुसाइड करने के 15 दिव पहले भी दोनों के बीच जबरदस्त झगड़ा हुआ था।

घरवालों की निकली चीख-पुकार

पिंकी के जहर पीने की जानकारी लगते ही उसके मायकेवालों के होश उड़ गए हैं। घटना की जानकारी लगते ही उसके घर वाले उसे आनन-फानन अस्पताल ले आए। पिंकी को कुछ देर के बाद होश आया। जिसके बाद उसने मदद लेकर वीडियो बना लिया। इसके बाद वह धीरे-धीरे बेसुध हो गई। डॉक्टरों के द्वारा उसका इलाज शुरू किया गया, लेकिन उसकी जान बचाने में डॉक्टर नाकाम रहे। इसी बीच किसी रिश्तेदार ने पुलिस को भी सूचना दे दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घरवालों के पिंकी का वीडियो सौंप दिया गया है। महिला का परिजनों ने एक वीडियो बनाया है जिसमें वह कह रही है कि मैं अपने पति की वजह से मर रही हूं बस, ये सबसे बड़ा कारण है। मेरे पति ने मेरे साथ मारपीट की, गाली-गलौज की। पति ने बोला जो करना है कर लो, तो मैंने कर लिया। इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। सिर्फ दोषी पति है।

न्यूज ब्रीफ

हैदर से हरि बने शख्स के घर पर हुई पत्थरबाजी कुछ दिनों पहले ही अपनाया था सनातन धर्म

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में मुस्लिम से बने हिंदू शख्स के घर पर पत्थर फेंके गए। जिसमें उसके घर की खिड़की के कांच टूट गए। कुछ दिन पहले ही 7 मुस्लिमों ने हिंदू धर्म को अपनाया था। इनमें से एक व्यक्ति खजराना का रहने वाला था। जो कि हैदर से हरि बना था। हरि ने पुलिस में इस घटना की लिखित शिकायत कराई है। साथ ही उसने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। हरि के घर पर पत्थरबाजी की गई है। इस पूरे मामले पर हरि का कहना है कि मुस्लिम समाज के लोग मुझसे नाराज हैं। क्योंकि मैंने सनातन धर्म अपनाया है। इन लोगों के कारण मैं अपने घर नहीं जा पा रहा हूं। इन्होंने मेरे घर पर पत्थर मारकर घर की खिड़कियां तोड़ डाली। वहीं इस मामले पर हरि ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने पर फरियादी को एफआईआर करने के लिए कहा गया था लेकिन उसने मना कर दिया। अब एफआईआर कराने के लिए वह सामने नहीं आ रहा। हरि ने बताया कि उसे धर्म छोड़ने पर लगातार धमकियां मिल रही हैं। मुझे उससे जुड़े कुछ लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। लगातार मेरे पास फोन आ रहे हैं। कई लोग अपशब्द कह रहे हैं। मैं पहले से ही सनातन धर्म से प्रभावित था। मैंने इसकी डीप स्टडी की है। सनातन सभी धर्मों को महत्व देता है। इस न तो कोई आरंभ है न तो कोई अंत है। मैंने आज अंधेरे उजाले में प्रवेश किया है।

पशुओ को लू से बचाया जाये, पशु चिकित्सा विभाग ने जारी किये परामर्शी सुझाव

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। गर्मियों को देखते हुये पशु चिकित्सा विभाग ने कहा कि है कि पशुओं को लू से बचाया जाये। इसके लिए विभाग द्वारा परामर्शी सुझाव जारी किये गये है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा सलाह दी गई है कि पशुओं के लिए पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। पक्षियों हेतु भी छत में पानी का बर्तन रखे व दिन में उसे भरते रहे। पशुओं को पर्याप्त छायादार स्थान उपलब्ध कराए। पशुओं को रखने एवं बांधने का स्थान, स्वच्छ, हवादार एवं रोशनदान युक्त हो यह सुनिश्चित किया जाये। पशुओं के शरीर का तापमान 41 से लेकर 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। पशुओं की चाल सुस्त हो जाती है एवं खाना पीना छोड़ देते है। पशु जीभ बाहर निकाल कर कठिनाइयों से सांस लेता है एवं पशु बेहोश भी हो सकता है। अगर उपरोक्त लक्षण अपने पशुओं में दिखाई दे, तो नजदीकी पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक से संपर्क किया जा सकता है। पशुओं के रहने का स्थान हवादार हो और दोपहर में ग्रीन जाली से ढक देना चाहिए। पशुओं को पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी देना चाहिए एवं पशुओं के ऊपर पानी का छिड़काव करते रहना चाहिए। व्यवसायिक एवं खेती में काम आने वाले पशुओं से दोपहर तेज धूप में काम ना लिया जाये।

सेवा और समर्पण के लिए यादव का सम्मान

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। श्री वासुदेव चंद्रवंशीय यादव समाज म.प्र. द्वारा सामाजिक क्षेत्र में अपनी सेवा और समर्पण वर्षों से देते आ रहे सामाजिक कार्यकर्ता मनीष यादव को एक पारिवारिक मिलन समारोह में सम्मानित किया गया। समाज के प्रदेश अध्यक्ष मदन परमालिया ने मनीष यादव की सेवाओं के लिए उन्हें भगवान श्री वासुदेव का चित्र देकर उन्हें सम्मानित किया और उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। आपने आगे बताया कि मनीष यादव रावजी बाजार थाना क्षेत्र जो संवेदनसील क्षेत्र कहलाता है, वहां पर नगर सुरक्षा समिति के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का पैगाम दे रहे हैं। ऐसे साथी को बधाई। इस अवसर पर सर्वश्री संजय जयंत, उमाशंकर यादव, वीरेन्द्र नीम, नीरज मयूर, रवीन्द्र मयूर, जय यादव आदि उपस्थित थे।

इन्दौर की रंगपंचमी की गैर को यूनेस्को की सूची में शामिल कराने संबंधी राज्य स्तरीय समिति की हुई बैठक

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। रंगपंचमी के अवसर पर इन्दौर से निकलने वाली गैर को यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने के प्रयास शुरू कर दिये गये है। इसके लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक आज संस्कृति विभाग के संचालक एवं समिति के अध्यक्ष श्री पी.एन.नामदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला प्रशासन की ओर से इन्दौर की गैर को यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत की सूची में सम्मिलित करने के लिए भारत शासन नई दिल्ली को भेजे गए प्रस्ताव की संक्षिप्त जानकारी डॉ. मनोहर दास सोमानी ने दी। बैठक में समिति के संयोजक श्री भालू मोढ़े, सदस्य गण श्री जयन्त भिसे, अभ्यास मंडल के अध्यक्ष श्री रामेश्वर गुप्ता, डॉ. राजीव शर्मा ने भी बैठक में विचार व्यक्त किए व आगामी वर्ष में गैर को प्रभावशील तरीके से आयोजित कर इसे विश्व स्तरीय बनाने पर सहमति दी। जिला स्तरीय समिति की सदस्य डॉ. नमिता काटजू ने गैर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी। अंत में सभी का आभार समिति के सदस्य श्री जयन्भिसे ने दिया।

बाबा बागेश्वर के आह्वान पर स्कूल पहुंचे हिंदूवादी संगठन और करणी सेना, जमकर किया हंगामा

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

बागेश्वर धाम की कथा में बच्चों ने की थी शिकायत

मध्यप्रदेश के इंदौर में एक स्कूल प्रबंधन को बच्चों को तिलक लगाकर और हाथ में कलावा पहनकर स्कूल नहीं आने पर स्कूल को नसीहत देना भारी पड़ गया। बच्चों ने बाबा बागेश्वर की कथा में इसकी शिकायत की थी। जिसके बाद गुरुवार को करणी सेना और बजरंग दल के कार्यकताओं ने स्कूल का घेराव कर-के स्कूल परिसर में ही हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। इसी दौरान दोनों संगठनो द्वारा चेतावनी दी गई है कि दोबारा इस प्रकार की घटना हुई तो स्कूल प्रशासन के इसके परिणाम भुगतने होंगे।

शहर के स्कीन नंबर 78 में स्थित मदरलैंड स्कूल में टीचर संध्या मैडम ने किसी बच्चे को स्कूल में तिलक लगाकर और हाथ में कलावा पहनने पर डांट लगाई थी। ये बात बच्चों ने अपने परिजनों को बताई। इसके बाद कनकेश्वरी धाम में आयोजित बागेश्वर धाम की कथा में एक महिला ने बाबा के सामने ये बात रखी। जिसके बाद पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हिंदूवादी संगठनों से अपील की थी कि स्कूल जाकर प्रार्थना करके स्कूल वालों को समझाए।

बजरंग दल और करणी सेना ने दी चेतावानी

बजरंग दल और करणी सेना ने बाबा बागेश्वर के आह्वान पर स्कीम नंबर 78 में स्थित मदरलैंड स्कूल पहुंचे। इसके वहां दोनों संगठनों ने पहुंचकर स्कूल का घेराव किया। स्कूल को घेराव की सूचना पहले ही मिल गई थी तो उन्होंने स्कूल के शिक्षकों और प्रबंधन के लोगों को पहले ही छुट्टी दे दी थी। इसके बाद बजरंग दल और करणी सेना के कार्यकताओं ने स्कूल परिसर में ही हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। इसके बाद स्कूल ऑफिस के मेन गेट पर स्वास्तिक बनाकर एक पोस्टर के जरिए स्कूल प्रबंधन को चेतावनी दी। वहीं, करणी सेना के अनुराग प्रताप राघव ने कहा कि अभी तो करनी सेना ने स्कूल को चेतावनी दे दी है।उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो करणी सेना अपने तरीके से समझाएगी। चाहे बीजेपी हो, कांग्रेस हो या आप पार्टी हो, जो भी सनातन धर्म के खिलाफ चलेगा, उसकी बोलती बंद करना करणी सेना अच्छे से जानती है। अभी तो गुरुदेव के कहने पर शांति से समझाया है, जरूरत पड़ी तो दनादन भी करेंगे। अगर स्कूल की तरफ से टीचर संध्या के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो हम स्कूल पर कार्रवाई करेंगे।

शादी के तीन माह बाद खुदकुशी की, वीडियो में पति पर लगाए पिटाई के आरोप

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

राऊ थाना क्षेत्र में बुधवार को एक युवती ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली।युवती की तीन महीने पूर्व ही शादी हुई थी। उसने वीडियो में पति पर मारपीट,प्रताड़ित करने और अपशब्दों का प्रयोग करने जैसे आरोप लगाए है।युवती कुछ दिनों से पति के कारण मायके में ही रह रही थी। राऊ पुलिस ने मर्ग कायम किया है। नवविवाहिता की मौत का मामला होने से एसीपी स्तर के अधिकारी को जांच सौंपी गई है।

पुलिस के मुताबिक युवती का नाम पिंकी राठौर है। 22 वर्षीय पिंकी की तीन महीने पूर्व ही आत्माराम से शादी हुई थी। भाई विष्णु के मुताबिक आत्माराम पिंकी के साथ मारपीट करता था। मानसिक प्रताड़ना भी देता था। इस कारण पिता और बहन उसको घर लेकर आ गए। रिश्तेदारों के माध्यम से आत्माराम को समझाने और दोनों के बीच समझौता करवाने का प्रयास भी किया था।

बुधवार को पिंकी और आत्माराम की पुनःफोन पर बहस हुई थी। उसे घर बुलाया लेकिन नहीं आया। पिंकी ने फोन पर ही कहा कि जहर खाकर मर जाएगी। आत्माराम ने कहा कि मर जाओ। मां ने पिंकी की हालत देखी और और तुरंत अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में स्वजन ने पिंकी के बयानों का वीडियो बनाया जिसमें वह आत्माराम पर मारपीट करने, प्रताड़ित करने और भद्दे शब्दों का प्रयोग करने जैसे आरोप लगा रहा है। कांग्रेस नेता मनोज सूले आत्महत्या केस में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। 60 वर्षीय सूले ने किन कारणों से आत्महत्या की यह जांचा जाएगा।

क्राइम ब्रांच इंदौर व थाना MIG की संयुक्त कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ तस्कर आरोपी धराया

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय-विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी दौरान क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर तंत्र से सूचना मिली कि, एम.आई.जी. थाना क्षेत्र में 01 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ एमडी की तस्करी करने आने वाला है। उक्त सूचना पर क्राईम ब्रांच व थाना एम.आई.जी. की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर के बताये स्थान पर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा, जिसने पूछताछ में अपना नाम (1).राहुल पिता दिनेश कदम उम्र 26 वर्ष निवासी विदुर नगर,(द्वारकापुरी) हाल पता-श्रीनगर ककड़ मस्जिद के पास थाना एमआईजी इंदौर का होना बताया ।

मौके पर आरोपियों की तलाशी लेते उसके कब्जे से कुल 18.73 ग्राम अवैध मादक पदार्थ टऊ ड्रग्स (अंतराष्ट्रीय कीमती करीब 1 लाख 87 हजार रु.) जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना एम.आई.जी. पर अपराध धारा 8/22 ठस्त्रिर एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर) की सप्लाई कर शहर की युवा पीढ़ी को नशे की लत लगाने का एवं आदतन आरोपियों के बीच अपना नेटवर्क फैलाकर काम करते थे।

उज्जैन-अजमेर ट्रेन 2 महीने के लिए रद्द इंदौर तक चलाने की मांग उठी

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। रेलवे ने उज्जैन-अजमेर के बिच चलने वाली ट्रेन को यात्री दबाव कम बताते हुए रद्द कर दिया है। 2 महीने के लिए रद्द हुई ट्रेन को इंदौर तक चलाने की मांग यात्रियों ने की है। गर्मियों में रेलवे तमाम ट्रेनों के फेरों में बढ़ोतरी कर रहा है लेकिन उज्जैन-अजमेर ट्रेन को यात्री संख्या कम होने के कारण लगभग 2 महीने के लिए बंद किया जा रहा है। यात्रियों ने रेलवे से सूचना मिलते ही ट्रेन को इंदौर तक चलाने की मांग की है। प्रमोद भंडारी का कहना है की ट्रेन को रद्द करने की बजाए इंदौर तक विस्तारित कर दिया जाए। ताकि अन्य ट्रेनों में यात्री दबाव ना बढ़ सके।

मतदान आपका अधिकार और कर्तव्य है

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। लोकसभा 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़े इसके लिए अभ्यास मंडल भी प्रयास कर रहा है मतदान आपका अधिकार/ कर्तव्य है उसका प्रयोग जरुर करे यह आग्रह पूर्वक निवेदन मतदाता से विभिन्न आयोजन में बोर्ड लगाकर किया जा रहा है

सोच बदलो जीवन बदल जाएगा...

फिर भी जिंदगी हसीन है...
dreamsachieverspune@gmail.com

आईए दोस्तों, आज के लेख की शुरुआत एक कहानी से करते हैं। रामपुर गाँव में दो दोस्त रहा करते थे, जिनमें से एक कुम्हार था तो दूसरा एक शिक्षक। एक दिन विद्यालय से लौटते वक़्त शिक्षक के मन में विचार आया कि 'क्यों ना मैं आज अपने दोस्त से मिलते हुए घर जाऊँ?' विचार आते ही शिक्षक मित्र तुरंत अपने मित्र के घर पहुँच गया। उस वक़्त कुम्हार कुछ बनाने के लिए मिट्टी को गूँथ रहा था। मित्र को घर आया देख वह खुश हो गया और दोनों आपस में मस्ती मज़ाक़ करने लगे।

निर्मल भटनागर (एजुकेशनल कंसलटेंट एवं मोटिवेशनल स्पीकर)
ग्लोबल हेराल्ड

कुछ देर पश्चात शिक्षक मित्र बोला, 'मित्र, आज क्या बनाने की तैयारी कर रहे हो?' कुम्हार बोला, 'मित्र, आज के युवा काफ़ी नशा करते हैं। लोगों की हालत को देखकर मुझे लगता है कि बाज़ार में चिलम आराम से अच्छे दाम पर बिक सकती है। इसलिए मैं चिलम बनाने की सोच रहा हूँ। शिक्षक मित्र, जो कुम्हार की बातों को बड़े ध्यान से सुन रहा था, मुस्कुराते हुए बोला, 'मित्र, चिलम बनाना छोड़ो। सुराही बनाओ... सुराही...गर्मी का मौसम अब आ ही गया है, इसलिए बाज़ार में सुराही खूब बिकेगी।' मित्र की सलाह सुन कुम्हार ने चिलम बनाना छोड़, सुराही बनाना शुरू कर दिया। मिट्टी, जो अब तक चिलम का रूप ले चुकी थी, एकदम से बोली, 'आपने मेरे आकार में परिवर्तन क्यों कर दिया?' कुम्हार बोला, 'बस यूँ ही, मित्र की सलाह ने मेरा विचार बदल दिया।' कुम्हार की बात पूरी होते ही मिट्टी राहत की साँस लेते हुए बोली, 'तुम्हारा तो सिर्फ़ विचार बदला, पर मेरा तो पूरा जीवन ही बदल गया। अगर तुमने मुझे चिलम बना दिया होता तो मेरे अंदर आग रखी जाती, जिसके कारण मैं भी जलती और औरों को भी जलाती। पर अब तुमने मुझे सुराही बनाने का निर्णय लिया है। अब मुझमें पानी भर कर रखा जायेगा, जिससे मैं शीतल रह सकूँगी और साथ ही दूसरों को भी शीतल रख पाऊँगी।'दोस्तों, अगर आप ध्यान से उपरोक्त कहानी पर गौर करेंगे तो पाएँगे कि शिक्षक की एक सलाह ने कुम्हार के विचार को बदला और कुम्हार का विचार बदलते ही मिट्टी का पूरा जीवन बदल गया। अर्थात् एक विचार में जीवन को बदलने की क्षमता होती है। विचार अगर अच्छा होगा, तो जीवन अच्छा होगा और विचार अगर बुरा होगा तो जीवन भी वैसा ही होगा। जी हाँ दोस्तों, इसीलिए विचारों को बहुत शक्तिशाली याने बल वाला माना जाता है। आज आप जैसा भी जीवन जी रहे हैं वह उन विचारों का ही परिणाम है, जिनके साथ में आपने पूर्व में अपना वक़्त गुज़ारा है। जो सपने आप देखते हैं वे भी आपके विचारों से ही जन्म लेते हैं। आपका वर्तमान में देखा जा रहा जाग्रत सपना भी आपके विचारों से ही निर्मित है। विचार बदलते ही आपका सपना भी बदल जाएगा और अगर किसी विचार को आपने पूर्ण दृढ़ता के साथ पकड़ लिया तो आपका जाग्रत सपना भी बदल जाएगा। वाक़ई दोस्तों, विचार इतने ज्यादा शक्तिशाली होते हैं। इसलिए हमें हर उस चीज पर ध्यान देना चाहिए जिससे विचार जन्म ले सकते हैं। जैसे उपरोक्त कहानी में शिक्षक की संगत से कुम्हार के विचार बदले और कुम्हार के विचार बदलने से मिट्टी की क़िस्मत। इसलिए जीवन में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि आप किन लोगों के बीच में याने किस संगत में रहते हैं क्योंकि संगत आपके विचारों को प्रभावित करती है और आपके विचार आपके जीवन को। अगर आपका विचार भौतिक होगा तो भौतिक सफलता पाएँगे, विचार अगर आध्यात्मिक होगा, तो आप जीवन में आध्यात्मिक रूप से ऊपर जाएँगे, अगर विचार सेहत संबंधी होगा तो आप सेहतमंद रहेंगे। इसलिए दोस्तों, अब आपको निर्णय करना है कि आप कैसा जीवन जीना चाहते हैं और उस अनुसार सोचना शुरु करना है। इसलिए दोस्तों, अपने विचारों पर ध्यान केंद्रित करना शुरू करें और सपनों का जीवन जिएँ।

मोती सिंह ने एकलपीठ के फैसले को दी चुनौती

इंदौर : इंदौर में प्रत्याशी विहीन हुई कांग्रेस के डमी प्रत्याशी रहे मोती सिंह पटेल ने एकल पीठ के फैसले को चुनौती देते हुए अपील दायर की है। इसमें शुक्रवार को युगलपीठ के समक्ष सुनवाई होगी। पार्टी नेता मोती सिंह पटेल ने लोकसभा सीट से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी अक्षय बम द्वारा नामांकन पत्र वापस लेने के बाद हाई कोर्ट में याचिका दायर कर खुद को अधिकृत प्रत्याशी घोषित करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की एकलपीठ ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। मोती सिंह का नामांकन फार्म स्क्रूटनी के दौरान निरस्त हो चुका था। एकलपीठ ने टिप्पणी की थी कि राजनीति में कोई रिवर्स गियर नहीं होता।

आज दिव्यांगजनों द्वारा निकाली जायेगी तिपहिया वाहन रैली

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। इंदौर में लोकसभा चुनाव को देखते हुये मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला जारी है। इस सिलसिले में दिव्यांगजनों द्वारा 3 मई 2024 को शाम 6 बजे से तिपहिया वाहन रैली निकाली जायेगी। यह रैली नेहरू पार्क स्मार्ट सिटी ऑफिस से प्रारंभ होगी। रीगल चौराहा होकर यशवंत क्लब रेसकोर्स पर सम्पन्न होगी।

प्रेम, बीमारी, नौकरी, झगड़े जैसी परेशानियों के हल बताए, पं. धीरेन्द्र शास्त्री ने दरबार लगाया

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

बागेश्वरधाम सरकार पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने इंदौर के मां कनकेश्वरी मैदान में दिव्य दरबार लगाया। सात दिवसीय भागवत के दौरान लगे उनके दिव्य दरबार में एक लाख से अधिक लोग पहुंचे। उन्होंने कई भक्तों की परेशानियों को दूर करने के लिए उन्हें कई उपाय बताए।

छात्र को कहा सरकारी नौकरी लगेगी

सबसे पहले अजय नामक युवक की अर्जी पर सुनवाई हुई। बागेश्वर धाम ने छात्र अजय से कहा कि आपकी सिविल सर्विसेज के 100 प्रतिशत योग हैं लेकिन आप अभी प्रेम के चक्कर से बचकर रहें। अजय का सवाल था कि गुरु जी आप मेरे सपने में आते हैं मैं नौकरी चाहता हूं, धर्म विरोधी लोगों की टटरी बांधे, पंडित शास्त्री ने समाधान लिखकर कहा कि जल्द ही नौकरी लगेगी, सनातन के लिए हमेशा कार्य करते रहे।

युवती को करियर की जानकारी दी

पं. शास्त्री ने दरबार में एक युवती को बुलाया, युवती ने करियर और माताजी को लेकर सवाल पूछा। उन्होंने युवती को बताया की आपके जीवन में क्लेश है, निजी करियर को लेकर मन भी विचलित है। माताजी का ऑपरेशन भी नहीं हो रहा है इसका भी आपको तनाव है। पं. शास्त्री ने युवती को भी उपाय बताए।

लाइलाज बीमारी ठीक करने का आश्वासन दिया

दिव्य दरबार में पं. शास्त्री ने एक महिला को बुलाया जिसके पैरों में तकलीफ थी। शास्त्री ने उसे चलने को कहा तो उसने चलने का प्रयास किया और थोड़ चल सकी। इसके बाद शास्त्री ने कहा कि हम मंत्र चिकित्सा से इसे ठीक करेंगे, तुम्हारे पैरों की नसों की सिकुड़न है, यह लाइलाज है, लेकिन हम पीछे नहीं हटेंगे। महिला को भभूति दी और कहा कि इससे रोज तुम्हें मालिश करना है। आज से तुम्हें किसी सहारे की जरूरत नहीं है।

लोकसभा चुनाव के चलते 7 से 19 मई के बीच होने वाली परीक्षाएं बढ़ाई आगे

इंदौर। लोकसभा चुनाव के चलते देवी अहिल्या विश्वविद्यालय को स्नातक अंतिम वर्ष के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा है। 7 से 19 मई के बीच होने वाले बीए और बीएससी अंतिम वर्ष के पेपर को आगे बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय ने इन विषयों की परीक्षा संबंधित नया शेड्यूल जारी कर दिया है। ये परीक्षाएं 1 जून के बाद रखी गई हैं। चुनाव से जुड़े निर्वाचन कार्यों में विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लग चुकी है। इसके चलते परीक्षा से जुड़ी व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। इसे ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने बुधवार को परीक्षाओं को आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। 7 से 19 मई के बीच बीए और बीएससी के नौ - नौ विषयों की परीक्षा होनी थी, जो अब 2 से 12 जून के बीच करवाई जाएंगी।

भाजपा में जाने के बाद भी अक्षय बम की बढ़ी मुश्किलें, कोर्ट ने पुलिस को भेजी पेन ड्राइव

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान से पहले कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा में शामिल हुए इंदौर से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम की मुश्किलें अब भी कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ये कहना गलत नहीं होगा कि अक्षय कांति बम के बीजेपी में जाने के बाद भी मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। बता दें कि कोर्ट ने बंद लिफाफे में पुलिस को उनकी एक पेन ड्राइव भेजी है।

पिछले दिनों देश की राजनीति में उथल-पुथल मचाने वाले कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर अक्षय क्रांति बम की मुश्किलें भाजपा में जाने के बाद कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भाजपा के ही एक नेता ने अक्षय कांति बम के खिलाफ बीपी को शिकायत दर्ज कराई थी, जो अब भी अक्षय बम के गले की हड्डी साबित हो रही है।

कॉलेज फैकल्टी में हेरफेर

मामले को लेकर एडवोकेट कृष्णकांत कुन्हारे ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि अक्षय कांति बम के लॉ कॉलेज इंदौर इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ खंडवा रोड स्थित की नेक की रैंकिंग हासिल करने के लिए कॉलेज की वेबसाइट पर 47 फैकल्टी दर्शाई गई हैं, जिसमें से करीब 17 फैकल्टी कॉलेज में काम ही नहीं करती है। हैरानी की बात तो ये है कि, इनमें से रश्मि शुक्ला नाम की एक फैकल्टी की तो वर्ष 2022 में मौत भी हो चुकी है, बावजूद इसके उन्हें भी रेगुलर फैकल्टी के रूप में वेबसाइट पर दशार्या गया है।

कोर्ट ने पुलिस को दी पेन ड्राइव

ऐसी ही एक और फैकल्टी है जो मौजूदा समय में इंदौर से बाहर काम कर रही है, लेकिन उन्हें भी कॉलेज ने रेगुलर फेकल्टी के तौर पर दशार्या हुआ है। ऐसी 17 फैकल्टीज हैं, जिन्हें लेकर शिकायत की गई है। जांच के लिए जिला कोर्ट ने बंद लिफाफे में रखी एक पेन ड्राइव जांच में जुटी पुलिस टीम को सौंपी है। इस पूरे मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा भी शिकायत की गई है।

सोशलिस्ट पार्टी इंडिया और राइट टू रिकॉल पार्टी की पत्रकार वार्ता

ई.वी.एम. भरोसेमंद नहीं, मतपत्र से ही मतदान होना चाहिए

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

आज एक प्रेस वार्ता में सोशलिस्ट पार्टी इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव और मैग्सेसे अवार्ड संदीप पांडे ए सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामबाबू अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप मंत्री व ईवीएम हटाओ सेना व राइट टू रिकाल पार्टी के भीलवाड़ा, राजस्थान से आए पवन कुमार शर्मा ने एक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रदर्शन कर यह दिखाया कि दो बार लगातार केला चिन्ह पर बटन दबाने पर दोनों बार काले शीशे वाली वी.वी.पी.ए.टी. मशीन में दिखा तो केला ही लेकिन प्रिंटर के अंदर एक पर्ची केला की छपी और दूसरी सेब की। यह मशीन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के इंजीनियर और अमरीका से स्नातकोत्तर डिग्री हासिल किए हुए अहमदाबाद के रहने वाले राहुल चिमनभाई मेहता ने बनाई है। जो खुद ई.वी.एम. हटाओ सेना व राइट टू रिकाल पार्टी से भी जुड़ हुए हैं।

पवन कुमार शर्मा ने इंदौर प्रेस क्लब में पत्रकारों के सामने डमी ईवीएम मशीन का लाइव प्रदर्शन करते हुए बताया कि ईवीएम में किस तरह मत पत्रों की लूट हो रही है उन्होंने ईवीएम मशीन पर मतदान कर बताया कि वोट बनाना को दिया गया और बाद में जब पर्ची निकली तो चार वोट में से दो वोट सेवफल को और एक तरबूज को तथा एक वोट ही बनाना को मिला। उन्होंने इसकी पर्ची निकाल कर भी बताई । उन्होंने कहा कि केवल बीवी पेट की परची को गिनने से ही मत पत्रों की लूट को रोका नहीं जा सकता, बल्कि मत पेपर से मतदान कराए जाने से ही मत पत्रों की लूट को रोका का जा सकता है । इसके लिए सोशलिस्ट पार्टी और राइट टू रिकॉल पार्टी मिलकर पूरे देश भर में अभियान चला रही है और जहां चुनाव आयोग को पोस्टकार्ड लिखे जा रहे हैं । वहीं मतदाताओं के लिए मत पत्र से या ईवीएम मशीन से वोट देने का अधिकार एच्छिक किए जाने की भी मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद के इंजीनियर ने यह मशीन बनाई है और यह मशीन मत पत्रों की लूट को दिखाती है कि ई.वी.एम. से आसानी से मत लूटे जा सकते हैं। यदि दूसरा मतदाता भी केला को ही मत देता है तो उसे भी 7 सेकेंड के लिए वी.वी.पी.ए.टी. में पहले वाले ही मतदाता की केला की पर्ची दिखाई पड़ेगी। किंतु रोशनी बुझने पर तीसरे मतदाता के आने से पहले ही प्रिंटर सेब छाप देगा। यह न तो मतदाता को पता चलेगा न ही किसी वहां मौजूद अधिकारी को। अधिकारी भी काले शीशे वाली वी.वी.पी.ए.टी. मशीन से अनभिज्ञ हैं। नेताओं ने कहा कि इस प्रदर्शन का उद्देश्य मात्र इतना है कि ई.वी.एम. के बारे में भारत का निर्वाचन आयोग जो दावे कर रहा है कि ई.वी.एम. में कोई गड़बडी नहीं हो सकती हम उसको गलत साबित कर रहे हैं। जो लोग वी.वी.पी.ए.टी. की 100 प्रतिशत पर्चियां गिनने की बात कर रहे हैं वे भी समझ लें कि उसमें भी गड़बड़ी की सम्भावना है।

कई देशों में प्रतिबंध के बाद इंदौर में भी मसालों की जांच शुरू, 40 से अधिक नमूने लिए

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

नामी कंपनियों के मसालों पर कई देशों में प्रतिबंध लगने के बाद इंदौर में भी इसके खिलाफ अभियान शुरू हो गया है। खाद्य विभाग की टीम मसालों के नमूने ले रही है। अभी तक 40 से अधिक मसालों के नमूने लिए जा चुके हैं। उन्हें जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

मालूम हो कि शहर में मसाले बनाने के 40 कारखाने हैं, वहीं सात ऐसे निमार्ता हैं, जो प्रदेश के अलावा देश-विदेश में निर्यात करते हैं। दरअसल, सिंगापुर में नामी कंपनियों के मसालों की जांच में कीटनाशक पाया गया था, इसके बाद इनकी बिक्री पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं हांगकांग में भी इनपर प्रतिबंध लगा दिया है। कई देशों ने मसालों की जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि यहां हुई जांच के नमूने में एथिलिन आक्साइड की मात्रा अधिक पाई गई थी। इसके बाद मद्रास करी मसाला, सांभर मसाला, फिश करी मसाला सहित अन्य मसालों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बाद फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथारिटी आफ इंडिया (एफएसएसएआइ) ने पूरे देश में मसालों की जांच के आदेश जारी किए हैं। इसके बाद जिला प्रशासन ने तीन टीमों का गठन किया है, जो शहर में मसालों के नमूने ले रही हैं। यह जांच अभियान 30 मई तक चलाया जाएगा। खाद्य विभाग की टीम शहर के बड़े निमार्ताओं के साथ ही छोटे निमार्ताओं के मसालों के भी नमूने ले रही है।

अभी तक नहीं होती थी कीटनाशक की जांच

उल्लेखनीय है कि अभी तक शहर से नमूने लेकर जो भोपाल स्थित प्रयोगशाला में भेजे जाते थे। उनमें कीटनाशक की मिलावट की जांच नहीं होती थी, लेकिन अब इसकी जांच के लिए शासन द्वारा अधिकृत लैब में कीटनाशक सहित अन्य रसायनों का पता लगाने के लिए भेजी जाएगी। यदि इन मसालों में मिलावट पाई जाती है तो इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि कीटनाशक सेहत के लिए हानिकारक होता है। इससे गंभीर बीमारियां होने का खतरा बना रहता है।

एफएसएसएआइ से मिले निर्देश के बाद शहर में मसालों की जांच के लिए अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक 40 से अधिक नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। यह अभियान 30 मई तक चलाया जाएगा।

-मनीष स्वामी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में पकडाए 175 नकलची

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में नकल प्रकरण में कमी देखी गई है। स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाओं के दौरान 175 नकलची पकड़ाए है। यह प्रकरण केंद्रों पर उड़नदस्ता दल और आब्जर्वर ने बनाए है। वैसे अधिकांश मामलों में चेकिंग के समय नकल सामग्री जब्त की गई। अब इनकी सुनवाई नकल समिति अगले महीने करेंगी।

अधिकारियों के मुताबिक कोरोनाकाल के बाद विद्यार्थियों ने पढ़ने में रूचि दिखाई है। साथ ही केंद्रों पर सख्ती बरती गई है। 5 मार्च से बीए, बीकाम, बीएससी, बीएचएससी, बीए पत्रकारिता सहित अन्य पाठ्यक्रम की अंतिम वर्ष की परीक्षा शुरू हुई, जिसमें बीए-बीएससी के पेपर 12 जून तक चलेंगे। परीक्षाओं में 60 हजार छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए है। 120 परीक्षा केंद्र बनाए थे। 65 फीसद केंद्र पर नकल रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। यहां तक कि संवेदनशील केंद्र पर नजर रखने के लिए आब्जर्वर को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जबकि दस से ज्यादा उड़नदस्ते बनाए थे। अकेले इंदौर शहर पांच उड़नदस्तों ने कालेजों का निरीक्षण किया। वहीं बाकी जिलों के केंद्रों पर एक-एक टीम ने दौरा किया। डेढ़ महीने के भीतर 170-175 नकलची विद्यार्थी पकड़ाए है। बीए में सबसे अधिक छात्र-छात्राओं ने नकल की है। बीकाम के विद्यार्थियों ने पेपर शुरू होने से पहली नकल सामग्री केंद्र पर जमा करवा दी थी

भंडारे में भक्त की मौत, प्रशासन ने स्पष्ट किया, आया था साइलेंट अटैक

इंदौर। रणजीत हनुमान मंदिर में मंगलवार को भंडारे में पहुंचे एक भक्त की मौत हो गई। मंदिर परिसर के बाहर घंटों तक भक्तों की लाइन लगी रही। लाइन में लगने के लिए होने वाली धक्का-मुक्की मौत की वजह बताई जा रही है। इस हादसे के बाद भक्त बोल रहे हैं कि मंदिर की व्यवस्थाओं में सुधार किया जाना चाहिए। वीआइपी पास जैसी व्यवस्था के कारण आम भक्तों को घंटों लाइन में लगना पड़ा और धक्का-मुक्की होती रही। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भक्त की मौत का कारण साइलेंट अटैक है।

बीआरटीएस पर छहलेन ब्रिज का निर्माण शुरू, डेढ़ साल में होगा तैयार

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर के बीआरटीएस पर नए ब्रिज का निर्माण शुरू हो गया। इसके लिए बीआरटीएस की रैलिंग हटाकर खुदाई की जा रही है। 11 किलोमीटर लंबे बीआरटीएस पर बनने वाला यह दूसरा ब्रिज है। सालभर पहले भंवरकुआ चौराहे पर भी ब्रिज का निर्माण शुरू हुआ था। नया ब्रिज निरंजनपुर चौराहे पर बन रहा है। यहां से बीआरटीएस की शुरूआत हुई है। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम इस ब्रिज का निर्माण कर रहा है और उसकी लागत 45 करोड़ रुपये से ज्यादा होगी।

खजराना ब्रिज की एक लेन पर ट्रैफिक होगा शुरू

इंदौर विकास प्राधिकरण खजराना चौराहे पर ब्रिज बना रहा है। इसकी एक लेन लगभग तैयार हो चुकी है। दो माह के भीतर उसे ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा। रिंग रोड पर यह चौथा ब्रिज है। पालदा, बंगाली चौराहा और पिपलियाहाना चौराहे पर पहले ही ब्रिज बन चुके हैं।

उज्जैन की तरफ से आने वाले भारी वाहन एमआर-10 मार्ग से निरंजनपुर चौराह होकर भोपाल की तरफ जाते हैं। इस कारण चौराहे पर ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। यहां छोटे वाहन भी ज्यादा चलते हैं। इस कारण हादसे का अंदेशा भी अक्सर रहता है। इस वजह से सड़क विकास निगम ने ब्रिज के लिए इस चौराहे के चुना है। ठेकेदार कंपनी ने यहां पिलर बनाने के लिए खुदाई शुरू कर दी है। दो माह पहले ब्रिज के लिए मिट्टी परीक्षण हो चुका था।

अफसरों ने बताया कि छह ब्रिज देवास नाका से विजय नगर चौराहे की तरफ बनेगा और उसकी लंबाई 500 मीटर है। ब्रिज के निर्माण की समय सीमा डेढ़ साल तय की गई है। ब्रिज निर्माण के दौरान चौराहे पर ही वैकल्पिक मार्ग तैयार किए गए हैं।

एलिवेटेड कॉरिडोर भी बनेगा

सड़क विकास निगम बीआरटीएस पर एलआईजी चौराहा से व्हाइट चर्च चौराहा तक एलिवेटेड कॉरिडोर भी बना रहा है। इस पर 375 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। तीन माह पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस प्रोजेक्ट का भूमिपूजन किया था। इसके लिए 10 स्थानों पर मिट्टी परीक्षण हो चुका है। जल्दी ही काम शुरू होगा। यह कॉरिडोर सड़क के मध्य हिस्से पर बनेगा और इसकी तीन भुजाएं भी होंगी। इस कॉरिडोर की लंबाई छह किलोमीटर से ज्यादा होगी।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यक्तिगत संपर्क पर दिया जायेगा विशेष जोर

सरल, सुगम, निष्पक्ष, निर्विघ्न तथा शांतिपूर्ण रूप से मतदान कराने के लिए रहेंगी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं?, मतदान केन्द्रों पर किये जायेंगे विशेष प्रबंध

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर संभाग में लोकसभा निर्वाचन के लिए व्यापक तैयारियां जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने इंदौर संभाग में निर्वाचन संबंधी तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि मतदाता जागरूकता के लिए स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना बनाकर उसे क्रियान्वित किया जाये। इसके लिए घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया जाये। इसके लिए गॉव वार दल बनाये जाये। इस बैठक में बताया गया कि सरल, सुगम, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से निर्विघ्न मतदान कराने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्थाएं रहेंगी। गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर छाया, शीतल जल, बैठने की व्यवस्था, पंखे, ओआरएस सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी। मतदान दिवस पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहेंगे।

रेसीडेंसी के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई इस बैठक में स्टेट पुलिस नोडल अधिकारी श्री अंशुमन सिंह, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री राकेश गुप्ता, आईजी श्री अनुराग, इंदौर कलेक्टर श्री आशीष सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विवेक श्रोत्रिय, संभाग के डीआईजी, जिलों के कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों और व्यवस्थाओं की जिले वार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान श्री राजन ने कानून व्यवस्था, मतदान केन्द्रों की स्थिति, महिला तथा दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्रों, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन तथा मानव संसाधन की उपलब्धता, पोस्टल बैलेट, वाहनों की उपलब्धता, नाको पर की जा रही चैकिंग आदि की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान पूर्ण सावधानी और सतर्कता बरती जाये। स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर आयोग सतर्क और गंभीर है। उन्होंने निर्देश दिये कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ एनएसए व जिलाबदर सहित अन्य प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए, जिससे आम मतदाताओं में विश्वास कायम हो और वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

अंतर्राज्यीय व अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे रहेगी विशेष निगरानी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने कहा कि अंतर्राज्यीय व अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे विशेष निगरानी रखें। अवैध धन, मदिरा व अन्य मादक पदार्थ व अवैध हथियारों सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त करें। साथ ही इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। उन्होंने बाण्ड ओवर की कार्रवाई में तेजी लाने और जिलाबदर आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश भी दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि एसएसटी, एफएसटी व वीएसटी पूरी तरह मुस्तैद व सतर्क होकर काम करें। श्री राजन ने बल्नेरेबल क्षेत्र के मतदान केन्द्रो में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। जिन भवनों में पाँच या उससे अधिक मतदान केन्द्र हैं वहाँ अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश भी दिये गए। साथ ही कहा जिन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या अधिक है वहाँ अतिरिक्त मतदान कर्मियों की तैनाती करें, जिससे मतदान सुचारू रूप से चलता रहे। श्री राजन ने कहा कि मतदान में बाधा डालने वाले तत्वों पर निगरानी रखने के लिये क्रिटिकल (संवेदनशील व अतिसंवेदनशील) मतदान केन्द्रों के भीतर व बाहर सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जाएँ। साथ ही इन कैमरों से होने वाली वेब कास्टिंग की निगरानी की पुख्ता व्यवस्था करें, जिससे यदि किसी केन्द्र पर मतदान में अनियमितता दिखाई दे तो तत्काल कार्रवाई की जा सके। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर मतदान केन्द्र स्तर तक व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ चलाने पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने विशेष जोर दिया।

गर्मियों में इंदौर से घर जाने वालों के लिए खुशखबरी, तीसरी बार बढ़ाया हावड़ा स्पेशल ट्रेन का फेरा

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

गर्मी की छुट्टी लगते ही इंदौर से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में लंबी वेटिंग शुरू हो गई है। जिसके चलते रतलाम मंडल ने अलग-अलग रूट के लिए चार ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। जिसमें इंदौर-हावड़ा के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। इस ट्रेन का फेरा हर सप्ताह बढ़ाया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन शुक्रवार को एक फिर इंदौर से रवाना होगी।

बता दें कि इस ट्रेन को स्पेशल किराये के साथ चलाया जा रहा है। रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने बताया कि इंदौर हावड़ा स्पेशल (09335) ट्रेन शुक्रवार रात 10.30 बजे इंदौर से चलकर रविवार सुबह छह बजे हावड़ा पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में यह ट्रेन रविवार शाम 5.40 बजे चलकर मंगलवार रात 12.50 बजे इंदौर पहुंचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, शुजालपुर, संतहिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, प्रयागराज, बनारस, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., सासाराम, डेहरीओनसोन, गया, कोडरमा, पारसनाथ, गोमो, धनबाद, आसनसोल, दुगार्पुर और बर्द्धमान स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इस ट्रेन में थर्ड एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। हालांकि स्पेशल ट्रेन शुरू होने के बावजूद इंदौर-हावड़ा के बीच चल रही नियमित ट्रेन शिप्रा एक्सप्रेस में वेटिंग कम नहीं हो रही है।

सम्पादकीय

आरक्षण की चुनावी आग

डॉ विवेक सिंह
लेखक
ग्लोबल हेराल्ड

चुनाव कोई भी हो आरक्षण एक ज्वलंत चुनावी मुद्दे के रूप में अवश्य सामने होता है। इस चुनाव में भी आरक्षण के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर चुनावी वार और पलटवार कर रहे हैं। विपक्षी पार्टियां जहां यह कह रही हैं कि यदि बीजेपी सत्ता में पुनः स्थापित होती है तो आरक्षण खत्म कर देगी वहीं बीजेपी इस बात से साफ इन्कार कर रही है। राहुल गांधी आरक्षण की सीमा को 50% के पार ले जाने की चुनावी वादे कर रहे हैं ।

आरक्षण एक ऐसा मुद्दा है जिस पर आजादी के बाद से ही बहस हो रही है। किसी भी मुद्दे पर चर्चा होने से उसे अधिक गहराई से समझा जा सकता है। ऐसा कोई सामाजिक वर्ग नहीं है जिस पर आरक्षण का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष, सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव ना पड़ता हो। वर्तमान समय में छिड़ी आरक्षण पर बहस को सकारात्मकता के साथ देखना चाहिए। संविधान में आरक्षण की व्यवस्था अनिश्चित समय के लिए नहीं किया गया था अतः आरक्षण की समीक्षा समय समय पर होनी ही चाहिए। संविधान की भावना यह कभी नहीं थी कि आरक्षण जाति के आधार पर दिया जाए बल्कि आरक्षण देने का आधार सामाजिक और शैक्षणिक बराबरी था। आरक्षण का प्रावधान 10 साल के लिए था और संविधान निमार्ता भी इस पक्ष में थे कि आरक्षण व्यवस्था ज्यादा लंबे समय तक नहीं चलना चाहिए। आरक्षण की व्यवस्था पिछले 75 वर्षों से लगातार चल रही है और अगर ऐसी ही राजनीति चलती रही तो अगले 75 वर्षों तक अनवरत चलती रहेगी। आरक्षण का लाभ एक वर्ग विशेष लगातार ले रहा है, जिनके लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी उन्हें इस आरक्षण व्यवस्था का अभी तक ज्यादा लाभ नहीं मिला है। आरक्षण जाति पर आधारित है। आरक्षण जाति व्यवस्था को और समृद्ध कर रही है। आरक्षण का अधिकार जाति और धर्म के स्थान पर आर्थिक आधार होना चाहिए क्योंकि गरीबी जाति को देखकर नहीं आती है। गरीबी जाति विशेष या वर्ग विशेष की नहीं होती है, गरीबी बस गरीबी होती है। आजादी के इतने वर्षों के बाद यह सोच कि गरीबी जाति विशेष में है, भ्रामक और तर्कों से परे है। 1947 का भारत और भारतीय समाज 2024 से बिल्कुल अलग था। आरक्षण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के उपरांत ही इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि इसे जारी रखना चाहिए या नहीं। आरक्षण कोई मूलभूत अधिकार नहीं है, उद्देश्य की पूर्ति के उपरांत या अप्रासंगिक होने की स्थिति में संविधान में संशोधन करके आरक्षण को आसानी से हटाया जा सकता है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट में यह बात उठी थी कि जिन जातियों या लोगों को आरक्षण का फायदा मिल चुका है उनको आरक्षण छोड़ देना चाहिए। यह विमर्श का विषय होना चाहिए कि आईएएस, आईपीएस या अन्य बड़े सरकारी या गैर सरकारी पद पर पहुंच जाने के बावजूद, आरक्षण का फायदा ले चुके लोगों द्वारा अपने बच्चों के लिए भी आरक्षण का फायदा लेते रहना कितना उचित है। आरक्षण की व्यवस्था पिछड़ों को सामाजिक बराबरी के लिए थी ना की चुनावी अखाड़े के लिए एक मुद्दे के रूप में। भारत में आरक्षण एक राजनीतिक विवशता है। जातिगत समीकरण को साधे बिना चुनावी वैतरणी पार करना लगभग असंभव है। आजादी के इस अमृत काल में आरक्षण की वर्तमान स्थिति और इसकी प्रासंगिकता जानना आवश्यक है। आरक्षण की वृहद समीक्षा जितनी जल्दी हो उतना ही देश और सर्व समाज के लिए अच्छा होगा।

कोरोना वैक्सीन पर राजनीति नहीं...

संजय गोस्वामी | लेखक

ग्लोबल हेराल्ड

कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में माना है कि इस वैक्सीन से कुछ लोगों को दिल का दौरा और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा है. यह वही वैक्सीन है जिसका भारत में बड़े पैमाने पर सीरम इंस्टीट्यूट के जरिए उत्पादन किया गया था. एक निजी संस्थान द्वारा उत्पादित वैक्सीन को न केवल सरकार द्वारा प्रचारित किया गया, बल्कि इसे आईसीएमआर द्वारा प्रमाणित और सुरक्षित भी बताया गया। जबकि सभी जानते हैं कि वैक्सीन का ट्रायल बहुत जल्दबाजी में किया गया था. क्लिनिकल और अन्य परीक्षणों की लंबी और वर्षों-लंबी प्रक्रिया को कुछ महीनों और हफ्तों में यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया गया कि यह समय की आवश्यकता थी। प्रधानमंत्री ने स्वयं सीरम इंस्टीट्यूट का दौरा किया और इसके एमडी अदार पूनावाला के साथ देश को वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने का आश्वासन दिया। उन्होंने खुद भी टीका लगवाया और देशवासियों से भी टीका लगवाने की अपील की. इसके बाद कोवैक्सिन, कोरवेबेक्स जैसी कई अन्य वैक्सीन भी आईं और लगाई गईं। सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और जनता को मुफ्त में सप्लाई किया। पूरे देश में टीकाकरण शिविर आयोजित किये गये। वैक्सीन लेने के लिए लोगों को लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ा. वैक्सीन प्रमाणपत्र वितरित किए गए और कई सरकारी सेवाओं के लिए यह प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया गया। यह प्रमाणपत्र आज भी हम सभी के मोबाइल फोन या दराज में मौजूद है।

ये सब हुए कई साल बीत गए. कोरोना की कभी-कभी छोटी लहर की चर्चा के अलावा कोई बड़ी लहर नहीं आई है. ऐसा लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है. कोरोना के नए-नए वेरिएंट आते हैं और बिना कोई खास असर दिखाए वापस चले जाते हैं. पुराने वेरिएंट को वैक्सीन से खत्म कर दिया गया है और इम्यूनिटी बढ़ने से नए वेरिएंट को अपनी ताकत दिखाने और बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है. लेकिन दूसरी ओर, अचानक दिल का दौरा, हार्ट अरेस्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे हैं. आए दिन हमें ऐसी खबरें और वीडियो पढ़ने, देखने और सुनने को मिलते हैं. न केवल भारत में, बल्कि ब्रिटेन सहित अन्य देशों में भी, जहां कोविशील्ड का आविष्कार किया गया था। स्ट्रेजेनेका कंपनी ने इसे सबसे पहले कहां बनाया था और किन देशों से लाइसेंस या सहयोग लेकर अन्य देश और उनकी वैक्सीन कंपनियां इसका उत्पादन कर रही हैं। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इनका सबसे बड़ा उत्पादक है और इसकी बनी वैक्सीन पूरी दुनिया में सप्लाई होती है. लेकिन अब एस्ट्राजेनेका मुश्किल में है और उसकी परेशानी का साया सीरम इंस्टीट्यूट से लेकर भारत सरकार तक दिखाई दे रहा है. चूंकि इन दिनों भारत में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं कोविशील्ड पर एस्ट्राजेनेका के कबूलनामे से विपक्ष को सरकार के खिलाफ नया हथियार मिल गया है. कोविशील्ड के बारे में खतरनाक तथ्य सामने आने से उन विपक्षी दलों को भी नई ताकत मिलेगी जिनके नेताओं ने शुरूआत में इस वैक्सीन का मजाक उड़ाया था और इसे बीजेपी की वैक्सीन बताकर इसे लगवाने से इनकार कर दिया था। हालाँकि बाद में जनता के दबाव में उन्होंने वैक्सीन लगवा ली, लेकिन कई आम लोगों की तरह वैक्सीन को लेकर उनका संदेह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था. इनमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख का नाम प्रमुख है. उनकी पार्टी इस चुनाव में भारत गठबंधन का हिस्सा है। जब से एस्ट्राजेनेका द्वारा अदालत में वैक्सीन की खामियों को स्वीकार करना मीडिया में उजागर हुआ है, जिस महिला की कथित तौर पर कोविशील्ड लेने के बाद मृत्यु हो गई, उसके माता-पिता ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के खिलाफ मामला दर्ज करने का फैसला किया है, जिसके एक दिन बाद भारत में वैक्सीन बेचने वाली एस्ट्राजेनेका ने अदालत में स्वीकार किया कि उनका कोविड शॉट एक दुर्लभ दुष्प्रभाव का कारण बन सकता है। . एस्ट्राजेनेका का कबूलनामा सामने आने के बाद अभिभावकों को न्याय की उम्मीद है. नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने एक सम्मेलन बैठक में कहा, सीरम इंस्टीट्यूट के कोविशील्ड के दुष्प्रभाव नगण्य से भी कम हैं। कोविड-19 एक घातक बीमारी है, और हम सभी को जीवन में बाद में अनावश्यक स्थितियों से बचने के लिए उचित सावधानी बरतनी चाहिए। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कोरोना और कोविशील्ड को लेकर चचाओं से भर गए हैं। ऐसा लगता है मानों सबको अपना गुस्सा निकालने का मौका मिल गया हो. कोई इसके लिए एस्ट्राजेनेका और अदार पूनावाला को जिम्मेदार ठहरा रहा है तो कोई इसे चुनावी बांड चंदे और विदेश में कॉरपोरेट जगत के लालच से जोड़ रहा है. कोरोना महामारी को लेकर अब भी लोगों में संदेह होने लगा है। वे पूछ रहे हैं कि क्या यह पश्चिमी अमीरों और शासकों की कोई सुनियोजित साजिश नहीं थी? जिसके तहत जनसंख्या को कम करने और फामेर्सी, अस्पताल, बीमा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए दुनिया के करोड़ों लोगों को गिनी पिग बनाया गया और उनके जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया और इसके लिए चीन जिम्मेदार है। आपको यह जानना चाहिए कि किसी भी दवा का मानव के ईलाज में प्रयोग करने से पहले क्लिनिकल परीक्षण किया जाता है वैक्सीन का साइड इफेक्ट क्लिनिकल परीक्षण में नगण्य है सबसे पहले किसी रसायन जो कि टीके या दवा के लिए प्रयोग किया जाना है का प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। यदि प्रयोगशाला में सफलता मिल जाती है, तो इसके बाद इसका प्रयोग छोटे जानवरों (जैसे चूहा, बिल्ली, आदि) पर किया जाता है। यदि इन पर भी प्रयोग सफल होता है तो यही प्रयोग विभिन्न जाति के बंदरों पर किया जाता है। इस परीक्षण में इस दवा के दुष्परिणाम तथा दवा के विषैलेपन का भी परीक्षण किया जाता है। यदि यहां तक सफलता मिल जाती है तो उसके बाद दवा नियंत्रक तथा अन्य नियामक एजेंसियों से मानव पर उपरोक्त दवा के परीक्षण की इजाजत मांगी जाती है। इस इजाजतनामे में मानव परीक्षण की जरूरत किस प्रकार का परीक्षण किया जायेगा, कौन-कौन शोधार्थी इसमें शामिल होंगे और किन-किन अस्पतालों के माध्यम से यह शोध किया जायेगा, इस सब का विवरण देना होता है। साथ ही हर चरण के परीक्षण के बाद सम्पूर्ण विवरण नई दवा या टीके का परीक्षण करने वाली कम्पनी को उक्त एजेंसी को देना होता है।मानव परीक्षणों में हर दवा को तीन चरणों में गुजरना होता है।पहला चरण क्लीनिकल ट्रायल होता है, जिसमें दवा की सुरक्षा तथा शरीर में प्रतिरोधक क्षमता तथा अलग-अलग मात्रा में दवा की खुराक देकर दवा की खुराक (डोज) निर्धारित की जाती है। पहले चरण के परीक्षण में 10 से 20 तक स्वस्थ मानवों की आवश्यकता होती है, तथा इस पूरी प्रक्रिया में दो वर्ष का समय लगता है। दूसरे चरण में यही प्रक्रिया 300 से ऊपर स्वस्थ मानवों में दोहरा कर परीक्षण किया जाता है। इस प्रक्रिया में भी दो वर्ष से ऊपर का समय लगता है।तीसरे चरण में यह दवा उस बीमारी के हजारों रोगियों को दी जाती है, जिसे मर्ज के लिए यह दवा तैयार की गयी है। इस तीसरे चरण की खास बात यह है कि जितने मरीजों पर इस दवा का प्रयोग किया जा रहा है, उतने ही मरीजों पर प्लेसिबो (जो कि नमकीन पानी होता है) का परीक्षण किया जाता है। परीक्षण के बाद दोनों समूहों, जिन्हें दवा दी गयी है और जिन्हें प्लेसिबो दिया गया है, के नतीजों की तुलना की जाती है और सारी सूचना नियंत्रक एजे ंसी को दी जाती है। अब यहनियंत्रक एजेंसी देखती है कि क्या दवा में रोग को पूर्ण तथा समाप्त करने की क्षमता है या नहीं। साथ ही उसके मानवशरीर पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन भी किया जाता है।

लव जिहाद के बाद अब वोट जिहाद...

जिहाद वैसे कोई आतंकी शब्द नहीं है लेकिन इसका जन्म चूंकि अरबी भाषा से हुआ है इसलिए सनातनी इसे आतंक का पर्याय मानने लगे हैं। जिहाद का शुब्दिक अर्थ जाने बिना देश में वर्षों से राजनीति हो रही है। पहले लव जिहाद के नाम पर हुई और अब वोट -जिहाद के नाम पर हो रही है । लव जिहाद को लेकर भाजपा आक्रामक थी और वोट जिहाद कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद का जुमला है। जिहाद का शब्दिक अर्थ होता है नैतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए की जाने वाली जद्दोजहद या संघर्ष, किसी जायज माँग के लिए भरपूर कोशिश करना या आंदोलन। जिहाद का अर्थ मेहनत और मशक़्क़त करना भी है किन्तु जिहाद का दुर्भाग्य कि उस जैसे पवित्र शब्द का चरमपंथियों ने गलत अर्थ दुनिया को समझा दिया और अब ये आम जिंदगी से निकालकर सियासत का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। इसके लिए जितने चरमपंथी जिम्मेदार हैं उतनी ही भाजपा और कांग्रेस भी जिम्मेदार है । भाजपा ने जिहाद के बाद लव -जिहाद को औजार की तरह इस्तेमाल किया तो मौजूदा आम चुनावों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने मुस्लिम मतदाताओं से सत्ता परिवर्तन के लिए वोट जिहाद करने की अपील कर दी और अब फंस गए। उनके खिलाफ बाकायदा आपराधिक मुकदद्मा दर्ज कर लिया गया है।

उत्तर प्रदेश में मुसलमानों को लेकर सरकार अतिरिक्त रूप से संवेदनशील है, शायद इसीलिए खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद फरुर्खाबाद पुलिस ने मारिया आलम और सलमान खुर्शीद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। दोनों नेताओं पर आईपीसी की धारा 188, 295 (ए) और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया। अब उत्तरप्रदेश की सरकार और पुलिस के ऊपर है की वो खुर्शीद साहब और उनकी भतीजी को गिरफ्तार करती है या नहीं ? खुर्शीद साहब मुझसे उम्र में छह साल बड़े हैं ,वे मुझे अपनी शराफत,नजाकत और बुद्धिमत्ता की वजह से शुरू से प्रिय रहे हैं। उनका मुसलमान होना एक संयोग है । वे मुसलमान भी न होते तो एक मनुष्य के रूप में उतने ही चर्चित होते जितने की आज हैं। खुर्शीद भाई को पूरा देश जानता है। आज के विदेश मंत्री जयशंकर से ज्यादा जानता है। सलमान खुर्शीद एक भारतीय राजनीतिज्ञ,चर्चित वरिष्ठ अधिवक्ता, प्रख्यात लेखक और कानून शिक्षक हैं। वे विदेश मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री थे। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित हैं वह एक वकील और एक लेखक है [1] जो 2009 की आम चुनाव में फरुर्खाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए। इससे पहले खुर्शीद 1991 में फरुर्खाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 वीं लोकसभा के लिए चुने गए थे। वह जून 1991 में वाणिज्य के केंद्रीय उप मंत्री बने, और बाद में विदेश मामलों के राज्य मंत्री बन गए। खुर्शीद साहब शुरू में नेता नहीं बल्कि 1981 में प्रधान मंत्री कार्यालय में एक विशेष अधिकारी के रूप में पदस्थ थे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी उन्हें राजनीति में लेकर आयीं। दरअसल जो लोग खुर्शीद को नहीं जानते उन्हें बता दूँ की सलमान खुर्शीद उस व्यक्ति का नाम है जो अपना घर फूंक क्र तमाशा देखने वाला है। एक लेखक है,एक अभिनेता है और बाद में जन नेता है। सलमान से असहमत लोगों ने सलमान खुर्शीद के नैनीताल स्थित आवास को आग तक लगा दी थी लेकिन न सलमान खुर्शीद बदले और न उनके स्वर । वे 1992 में जैसे थे वैसे ही 2024 में भी हैं। सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी को वोट के जरिये व्यवस्था बदलने के लिए जिहाद शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था,क्योंकि इस देश में आज भी कूढ़ मगज लोग जिहाद के नाम से भड़क जाते हैं ,जैसे जिहाद कोई संक्रामक रोग हो ! सलमान खुर्शीद की मजबूरी ये रही कि वे जिस इलाके में राजनीति करते हैं उस इलाके में उर्दू मातृभाषा के रूप में प्रचलित है। वे यदि परिवर्तन के लिए जिहाद शब्द का इस्तेमाल न करते तो मुमकिन था कि उनकी बात स्थानीय मतदाता समझ न पाता। इस देश में मुसीबत ये है कि जो होता है उसे वो माना नहीं जाता । जैसे जो हेट स्पीच है उसे हेट स्पीच नहीं कहा जाता और जो हेट स्पीच नहीं है उसे आनन-फानन में हेट स्पीच मान लिया जाता है। घृणा की भाषा के बारे में जब हमारे नेता नहीं जानते तो हमारी पुलिस उसके बारे में कैसे जान सकती है ? पुलिस तो हुक्म की गुलाम है। उसके हाथ बंधे हैं। भारत में पुलिस के हाथ लम्बे जरूर होते हैं किन्तु उन्हें काम नहीं करने दिया जाता। हमारी पुलिस आज भी अंग्रेजों के जमाने कीपुलिस है। पुलिस तब बदलेगी जब देश का संविधान बदलेगा। संविधान तब बदलेगा जब मोदी जी तीसरी बार सत्ता में वापस आएंगे। तब तक हमें ,आपको ,सलमान खुर्शीद को इन्तजार करना होगा। अभी चुनाव के पांच चरण बाकी हैं ,देखिये आगे-आगे होता है क्या ? वैसे मै ईमानदारी से कहूँ कि आज आम चुनाव एक धर्मयुद्ध जैसा ही है। एकदम महाभारत के माफिक। लोकतंत्र में वोट जिहाद के बिना कोई तब्दीली आ ही नहीं सकती। इसलिए यदि आपके पास मताधिकार है तो आप वोट जिहाद यानि वोट से क्रांति कर सकते है।भाजपा भी यदि तीसरी बार सत्ता में वापस आएगी तो वोट कि जरिये ही ।

राकेश अचल
लेखक
ग्लोबल हेराल्ड

विनम्रता का पाठ...

पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे- रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा- क्या रामसेवक जी का घर जानते हो?

दुकानदार ने हंसकर कहा- अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है। उसी रात पंडित जी रामसेवक के घर गए और उससे क्षमायाचना की। फिर दोनों गहरे मित्र बन गए।

ग्लोबल हेराल्ड में प्रकाशित होने वाले लेख लेखकों के निजी विचार है

व्यापार

भारत में वीयू सिनेमा टीवी 2024 एडिशन लॉन्च

नई दिल्ली ■

भारत में वीयू टेलीविजन ने वीयू सिनेमा टीवी 2024 एडिशन लॉन्च किया है। इस टीवी में खास 50 वॉट का ट्यूब स्पीकर मिलता है, जिनके बारे में दावा किया जाता है कि यह बेस्ट साउंड क्लैरिटी के साथ आता है।

नया लॉन्च किया गया वीयू सिनेमा टीवी 2024 एडिशन दो साइज में आता है, जिसमें 43-इंच और 55-इंच शामिल है। नया लॉन्च किया गया वीयू सिनेमा टीवी दो साइज में आता है। 45-इंच वीयू सिनेमा 43 इंच टीवी की कीमत 25,999 रुपये और इसके 55-इंच टीवी की कीमत 34,999 रुपये रखी गई है। ये दोनों वेरिएंट फ्लिपकार्ट और पूरे भारत के सभी रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। इसके स्पीकर यूजर को हाई क्वालिटी वाला साउंड का एक्सपीरिएंस मिलेगा। नए टीवी की एक खास बात ये भी है कि इसमें एयरप्ले कनेक्टिविटी का ऑप्शन मिलता है, जो आईफोन यूजर्स को टीवी पर अपनी कंटेंट को दिखाने की अनुमति देता है। नए वीयू सिनेमा टीवी 2024 में 400 नीटस की पीक ब्राइटनेस के साथ 4के आईपीएस डिस्प्ले मिलता है। इसमें वॉयस सर्च फीचर भी दिया गया है, और रिमोट कंट्रोल में पॉपुलर ऐप्स के लिए शॉर्टकट भी दिए गए हैं। रिमोट में मूवीज लेबल वाली एक हॉटकी भी है जिसमें एक ही जगह पर अलग-अलग प्लेटफार्म से फिल्मों की एक लिस्ट है ताकि इसे यूजर्स द्वारा आसानी से एक्सेस किया जा सके।

राकेश सिंह बने पेटीएम मनी के सीईओ

नई दिल्ली। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म पेटीएम मनी ने वरुण श्रीधर की जगह राकेश सिंह को सीईओ नियुक्त किया है। वरुण श्रीधर 2020 से पेटीएम मनी के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर थे। इकोनॉमिक्स टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। पिछले महीने ही राकेश सिंह पेटीएम मनी में शामिल हुए हैं। इससे पहले वह पेमेंट कंपनी पेयू से जुड़ी फिनटेक कंपनी फीसडेम में ब्रोकिंग सर्विसेज के सीईओ थे। वरुण श्रीधर को ग्रुप के अंदर ही दूसरी जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, कंपनी की ओर से ऑफिशियल तौर पर इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी गई है।

शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद

नई दिल्ली ■



घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों और खरीदारी से बाजार की शुरूआत अच्छी रही पर बाद में आये दबाव से ये सीमित दायरे में पहुंच गया। व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप 0.9 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.29 फीसदी पर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 128.33 अंक करीब 0.17 फीसदी बढ़कर 74,611.11 अंक पर बंद हुआ। दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 43.35 अंक तकरीबन 0.19 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ।

वहीं गत दिवस महाराष्ट्र दिवस पर बाजार बंद था जबकि इसके पहले मंगलवार को बाजार सुबह उपर आया पर दिन के अंत में में बढ़त गंवाकर गिरावट के साथ बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह विश्व भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 150 अंक बढ़कर 74,639 पर और एनएसई निफ्टी-50 41 अंक बढ़कर 22,646 पर पहुंच गया। टाटा मोटर्स, एमएंडएम, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक ने सेंसेक्स पर बढ़त हासिल की, जबकि एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एचयूएल और एक्सिस बैंक लाल निशान में कारोबार कर रहे थे! एशियाई बाजारों में भी गुरुवार को गिरावट के साथ कारोबार हुआ। गुरुवार की सुबह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय बैठक के बाद ब्याज दरों को अपरिवर्तित बनाए रखने के फैसले के बाद ज्यादातर एशियाई बाजारों में ये गिरावट आई। जापान का निक्की 225 0.29 फीसदी नीचे था, जबकि व्यापक आधारित टॉपिक्स सूचकांक 0.11 फीसदी गिरा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.08 फीसदी की गिरावट के साथ लगभग सपाट कारोबार कर रहा था। अमेरिकी बेंचमार्क सूचकांक जो पिछले कारोबारी सत्र में 2 फीसदी तक गिर गए थे, यूएस फेड बैठक के परिणाम के बाद मिश्रित नोट पर समाप्त हुए। डॉव में 0.23 फीसदी की वृद्धि के साथ 87.37 अंक की बढ़त हुई जबकि एसएंडपी 500 में 0.34 फीसदी और नैस्डैक कंपोजिट में 0.33 फीसदी की गिरावट रही।

मारुति सुजुकी ने अप्रैल में बेचीं 1.68 लाख कारें

नई दिल्ली ■

देश की वाहन विनिमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की अप्रैल महीने में कुल बिक्री 4.7 प्रतिशत बढ़कर 1,68,089 इकाई रही। कंपनी ने अप्रैल, 2023 में 1,60,529 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा ?कि घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 1,37,952 इकाई रही, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 1,37,320 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री अप्रैल, 2023 के 14,110 इकाई की तुलना में घटकर पिछले महीने 11,519 इकाई रह गई। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री भी पिछले महीने घटकर 56,953 इकाई रह गई, जो पिछले साल अप्रैल में 74,935 इकाई थी। ब्रेजा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 56,553 इकाई रही, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 36,754 इकाई थी। अप्रैल में वैन की बिक्री 12,060 इकाई रही, जबकि एक साल पहले यह 10,504 इकाई थी। हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री अप्रैल, 2023 के 2,199 इकाई से पिछले महीने बढ़कर 2,496 इकाई हो गई। एमएसआई के अनुसार, पिछले महीने उसका निर्यात 22,160 इकाई रहा, जबकि पिछले साल अप्रैल में यह 16,971 इकाई रहा था।

न्यूज ब्रीफ

मतदान के दिन माईक्रो आब्जर्वर की भूमिका होती है महत्वपूर्ण - प्रेक्षक श्री गोवेकर मयूर

सेंधवा (निर्मला वर्मा)। लोकसभा निर्वाचन में केन्द्रीय सरकार के कर्मियो को माईक्रो आब्जर्वर बनाया गया है। माईक्रो आब्जर्वर सीधे निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षको की देखरेख में कार्य करेंगे। मतदान के दिन माईक्रो आब्जर्वर को निर्धारित मतदान केन्द्र पर माकपोल के पूर्व पहुंचना अनिवार्य है। जिससे वे भारत निर्वाचन आयोग के लिये ऑख-कान के रूप में कार्य कर सके। गुरुवार को शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में आयोजित माईक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण में उक्त बाते लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र खरगोन बड़वानी के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री गोवेकर द्वारा कही गई। प्रशिक्षण के दौरान माईक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन की समस्त प्रक्रिया से अवगत कराते हुए बताया कि किस प्रकार उन्हें निर्धारित फार्म को भर कर रिपोर्ट प्रस्तुत करना है। माइक्रो आब्जर्वर गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करे एवं प्रशिक्षण की बारीकियों को ध्यान में रखते हुए मतदान दिवस के लिए स्वयं को तैयार करे।

पन्ना में लोकायुक्त की कार्रवाई, नगर परिषद की अध्यक्ष सारिका 30 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

पन्ना। मध्यप्रदेश में तमाम प्रयासों की बावजूद सरकारी कार्यालय में रिश्वत रुकने का नाम नहीं ले रही है।लेकिन पन्ना में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें कोई जनप्रतिनिधि

पहली बार रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ है। पन्ना जिले की नगर परिषद अमानगंज की अध्यक्ष सारिका खटीक भुगतान के बदले में 30 हजार की रिश्वत लेती हुई पकड़ी गई है। शिकायत के बाद सागर लोकायुक्त की टीम ने नगर पंचायत कार्यालय के उनके दफ्तर में ही कार्रवाई की है। शिकायतकर्ता राघवेंद्र राज मोदी ने बताया कि वह जब से अध्यक्ष बनी है, लिफ्ट के भुगतान में प्रतिमाह पैसा ले रही थी और यह रकम बढ़ाती जा रही थी। तंग आकर मैंने सागर लोकायुक्त में शिकायत की और 30 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाया, उन्होंने यह राशि अपने बैग में रख ली थी। बता दें, किसी जनप्रतिनिधि के रिश्वत लेते पकड़े जाने का यह पहला मामला है, जिससे हड़कंप मच गया है। वहीं, लोकायुक्त पुलिस की कार्रवाई अभी भी जारी है।

हमारे सर्वमान्य भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पुस्तक का विमोचन

सेंधवा (निर्मला वर्मा)। पूरे विश्व भर में 75 प्रतिशत लोग भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को पसंद करते हें ! आज तक विश्व में उनके र्स्त का कोई नेता

नहीं हुआ विदेशों में भी उनकी वही लोकप्रियता है जो अपने देश में है ।ऐसे लोकप्रिय नेता पर देश भर के साहित्याकारो / लेखकों ने भी अपनी कलम चलाई है जो उनकी लोकप्रियता का ध्योतक है। पिछले दिनों देश के मुगलसराय से जे ई सी प्रकाशन द्वारा मोदी जी पर आधारित एक पुस्तक हमारे सर्वमान्य पी एम मोदी जी का प्रकाशन हुआ जिसमें देश भर के साहित्याकारों /लेखकों ने अपनी रचनाएं भेजी चुनिंदा 34 रचनाओं में से एक रचना शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर ओ पी गंगे को भी संकलन में स्थान मिला ! मोदी जी पर लिखी गयी उनकी रचना को काफी प्रशंसा मिल रही है । डॉक्टर गंगे अपने विषय विशेष के विशेषज्ञ होने के साथ एक गायक, मंच संचालक और उम्दा लेखक भी हें ! इस संकलन के प्रकाशन के लिए उन्नाव शहर की कवियित्री नैंसी गुप्ता की विशेष भूमिका रही ! देश भर के लेखकों के साथ साथ शहर के लेखक की रचना को भी संकलन में स्थान मिलना शहर वासियो के लिए और निमाड़ क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

पिछले साल दुष्कर्म पीड़िता की मदद कर जो बना था हीरो, अब उसी पर लगे यौन शोषण के आरोप

उज्जैन। पिछले साल सितंबर 2023 में धार्मिक नगरी उज्जैन में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला काफी सुर्खियों में छाया था। इसमें बड़नगर रोड पर स्थित दंडी आश्रम के आचार्य राहुल शर्मा द्वारा दुष्कर्म पीड़िता की मदद करने पर उनके इस कार्य को काफी सराहा गया था। बता दें कि पुलिस ने आचार्य राहुल शर्मा को यह कार्य करने पर हीरो भी बनाया था। लेकिन इस मामले को हुए अभी एक साल भी नहीं बीता है कि वही आचार्य राहुल शर्मा अब खुद यौन शोषण के मामले में उलझ चुके हैं, जिन्हें जेल जाना होगा। पिछले साल 2023 सितंबर को सतना की किशोरी के साथ आटो चालक द्वारा किए गए दुष्कर्म के मामले में आचार्य राहुल शर्मा मीडिया में फेमस हुआ था। सबसे पहले उसी ने मीडिया मे आकर बयान दिया था कि खून से लथपथ और चंद कपड़ों से शरीर को छुपाने वाली पीड़िता की मदद उसी ने की थी। आचार्य राहुल शर्मा ने बच्ची के कपड़े फटे होने और बुरी हालत में देखने के बाद अपना शॉल उसे ओढ़ाया था व पुलिस को सूचना दी थी। साथ ही यह भी बताया था कि वह मोहनपुरा का रहने वाला है और विवाहित है। लेकिन नाबालिग की मदद करने वाले आचार्य राहुल शर्मा अब खुद यौन शोषण के आरोप में घिरे हुए हैं, जिन पर उनके आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने वाले बटुकों ने ही यौन शोषण के आरोप लगाए हैं।

रतलाम के बिलपांक क्षेत्र में मजदूरों को लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्राली, 25 घायल

रतलाम/धराड़

बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम भाटी बड़ोदिया व ढिकवा के बीच मजूदरों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली खाई में जा पलटी। इससे उसमें सवार 25 मजदूर घायल हो गए। इनमें से 19 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायल महिलाएं, युवतियां व किशोरी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम बावड़ीखेड़ी की रहने वाली करीब 35 महिला मजदूर गुरुवार को सुबह खेतों में प्याज उखाड़ने की मजदूरी करने के लिए ग्राम भाटी बड़ोदिया गई थी। दिनभर मजदूरी करने के बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे छुट्टी होने के बाद वे भाटी बड़ोदिया से ट्रैक्टर में सवार होकर

अपने गांव बावड़ीखेड़ा लौट रही थी। तभी रास्ते में ट्रैक्टर-ट्राली अंसुलित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। इससे उसमें सवार कई मजदूर ट्राली से उछलकर दूर जा गिरे और 25 मजदूर घायल हो गए। खबर फैलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। डा. गोपाल यादव ने बताया कि सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। सरजूबाई व गुड्डीबाई को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली।

इन्हें कराया भर्ती

50 वर्षीय राजलबाई पत्नी कैलाश डोडियार, 45 वर्षीय सावित्री पत्नी मोहन, 60 वर्षीय भूलीबाई पत्नी कोदर, 19 वर्षीय चंदा पुत्री प्रमेश, 40 वर्षीय संगीता पत्नी प्रमेश, 60 वर्षीय कमलाबाई पत्नी हीरालाल डोडियार, 17 वर्षीय रेखा पुत्री प्रकाश, 60 वर्षीय शांतिबाई पत्नी ईश्वर, 45 वर्षीय सरजूबाई पत्नी सोहन, 20 वर्षीय ललिता पुत्री सोहन, 45 वर्षीय गुड्डी पत्नी कालू, 18 वर्षीय काली पुत्री हीरालाल, 35 वर्षीय ललिता पत्नी नंदराम, 15 वर्षीय भूरी पुत्री हरीराम, 65 वर्षीय दरियावबाई पत्नी भेरू, 38 वर्षीय संगीताबाई पत्नी मानसिंह, 15 वर्षीय संजना पुत्री राकेश, 48 वर्षीय शांतिबाई पत्नी शांतिलाल व 50 वर्षीय सोमीबाई पत्नी कैलाश।

रेत से भरा ट्रैक्टर छुड़ा ले गई दबंग महिला, देखते रह गई माइनिंग टीम और पुलिस

छतरपुर

मध्यप्रदेश में भले ही पुलिस लगातार गुंडों और माफियाओं पर कार्रवाई कर रही है लेकिन इसके बावजूद कई बार ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं जिन्हें देखकर लगता है कि माफियाओं के हौसले कम नहीं हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला छतरपुर में सामने आया है जहां एक दबंग महिला माइनिंग टीम और पुलिस की आंखों के सामने से दबंगई दिखाते हुए रेत से भरा ट्रैक्टर छुड़ाकर ले गई। महिला की दबंगई का वीडियो भी लोगों ने बनाया है जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पूरा मामला कुछ इस तरह है कि गुरुवार की दोपहर माइनिंग टीम और पुलिस ने छतरपुर में एक रेत से भरे

ट्रैक्टर को पकड़ा था। पुलिस और माइनिंग टीम के जवान ट्रैक्टर पर बैठकर उसे अपने साथ ले जाने वाले ही थे की तभी एक दबंग महिला वहां पहुंच गई। ये दबंग महिला ट्रैक्टर मालकिन बताई गई है जो मौके पर पहुंचते ही माइनिंग टीम व पुलिसकर्मियों पर बरस पड़ी। जमकर खरी खोटी सुनाई और खुद ट्रैक्टर पर चढ़कर ड्राइविंग सीट पर बैठ गई। उसने एक एक कर दोनों जवानों को ट्रैक्टर से नीचे उतार दिया।

सूने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी, अंतिम संस्कार में शामिल होने पूरा परिवार गया था गांव

अनूपपुर

अनूपपुर के रामनगर थाना अंतर्गत सूने घर में लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया है। पूरा परिवार अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश स्थित अपने गांव गया हुआ था, जहां पड़ोसियों के द्वारा ताला टूटने की सूचना दिए जाने के पश्चात गांव से वापस आकर इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। इस पर पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

घटना के संबंध में बताया गया कि फरियादी मनिंदर सिंह पिता स्वर्गीय हरिशंकर सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 7 अंबेडकर भवन के सामने राजनगर जो कि 14 अप्रैल को बड़ी मां का देहांत हो जाने के पश्चात उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश स्थित अपने गांव गया हुआ था। घर में कोई नहीं था और ताला बंद था। इसके पश्चात 30 अप्रैल को पड़ोसी उमेश कुशवाहा के द्वारा फोन करके बताया गया कि तुम्हारे घर का ताला टूटा है, जिसके पश्चात गुरुवार को गांव से वापस लौट के पश्चात घर पर आकर देखा तो लाखों रुपये के सामान चोरी कर लिए गए थे। थाने में दर्ज कराई शिकायत में फरियादी के द्वारा बताया गया कि घर में रखी पेटी अलमारी एवं दीवान के अंदर रखे सामान बर्तन, डिनर सेट, पूजा वाले बर्तन,एलइडी टीवी, एक नग सोने का मंगलसूत्र ,एक कान की बाली, कान का टप्स एक, कान का नथ दो जोड़ी, मांग टीका एक, अंगूठी 3नग, एक पायल चांदी का, चांदी का सिक्का 25 अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया।

नागपुर से मूंगफली दाना का बालाघाट मंडी में हो रहा अवैध परिवहन

बालाघाट

कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट ने मूंगफली दाना के अवैध परिवहन मामले में एक व्यापारी पर कार्रवाई की है। व्यापारी के गैर मंडी लायसेंसी फर्म से 19250 रुपए का जुमार्ना भी वसूला है। साथ ही व्यापारी को मंडी लायसेंस प्राप्त कर व्यापार करने की समझाइश भी दी है।

जानकारी के अनुसार मंडी समिति बालाघाट के भारसाधक अधिकारी गोपाल सोनी (एसडीएम) ने मंडी सचिव और उडनद्रस्ता दल को मंडी क्षेत्र में कृषि उपजों के अवैध भंडारण, अवैध परिवहन और अवैध क्रय-विक्रय पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए है। मंडी सचिव मनीष मडावी के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक

मनोज पटले और प्रकाश सोनवाने ने 1 मई की सुबह ट्रक क्रमांक एमएच 24 जे 8333 को रोककर पूछताछ की। यह ट्रक नागपुर से मूंगफली का दाना लेकर बालाघाट आ रहा था। मौके पर वाहन में मूंगफली दाना के परिवहन के लिए आवश्यक बिल, बिल्टी, अनुज्ञा पत्र, ई-वे बिल नहीं मिले। वाहन चालक ने बताया कि वह अपने वाहन में नागपुर से 50 कट्टे में 25 क्विंटल मूंगफली का दाना लोडकर बालाघाट ला रहा था। यह मूंगफली गैर मंडी लायसेंसी फर्म लोकुमल किशनामल वाधवानी के लिए लाया जा रहा था। बालाघाट मंडी ने मूंगफली दाना के अवैध परिवहन का प्रकरण तैयार किया। संबधित फर्म लोकुमल किशनामल वाधवानी बालाघाट से दांडिक शुल्क के रुप में पांच गुना मंडी शुल्क 11875 रुपए, निराश्रित शुल्क 2375 रुपए, प्रशमन शुल्क 5000 रुपए वसूला गया।

कॉलेजों में शुरू हुई ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया

सागर। कॉलेजों में यूजी व पीजी प्रथम सेमेस्टर में दाखिले के लिए बुधवार से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी, लेकिन अभी ग्रेजुएशन और सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम नहीं आए हैं। ऐसी ही स्थिति 12वीं सीबीएसई के विद्यार्थियों के सामने भी है, क्योंकि इनका रिजल्ट आना बाकी है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थी पहले चरण की प्रक्रिया में रजिस्ट्रेशन नहीं करा सकेंगे।कॉलेज यूजी थर्ड ईयर की परीक्षा शुरू नहीं कर सका सके हैं। रिजल्ट आने में समय लगेगा। छात्रों को यूजी फर्स्ट और सेकंड ईयर के मार्क्स के आधार पर पीजी में प्रोविजनल एडमिशन दिए जाएंगे। वहीं सीबीएसई का हायर सेकंडरी कर रिजल्ट न आने के कारण यह विद्यार्थी शुरूआती दौर में रजिस्ट्रेशन नहीं करा सकेंगे।

पुलिस कर रही थी गुमशुदा की तलाश, नाबालिग मिली तो पता चला हो गया दुष्कर्म

उज्जैन। उज्जैन के माकड़ौन थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग सुबह घर से अचानक कहीं गायब हो गई थी। परिजनों ने उसे खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन जब नाबालिग नहीं मिली तो परिजन थाने पहुंचे। जहां उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। परिजनों के साथ ही पुलिस भी गुमशुदा की तलाश में जुटी हुई थी। लेकिन जब वह शाम को वापस लौटी तो उसने बताया कि मेरे साथ गांव में ही रहने वाले तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है। पूरे मामले में माकड़ौन थाना पुलिस ने दुष्कर्म के साथ पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सेंधवा चैतन्य महादेव मंदिर में भागवत कथा का आयोजन आज से

सेंधवा (निर्मला वर्मा)। भागवत गंथ का नाम भागवत क्यों पड़ा। इस गंथ को सबसे पहले वाचन स्वंम भगवान ढहने कथा सुनाई इस लिए इसका नाम भागवत पड़ा। कुछ लोगो में संचय है की भगवान ओर भागवत में अंतर है। यह सही नही है भगवान ही भागवत गंथ के रूप में प्रकट हुए है व खुद ने इसका वाचन किया इस लिए इसका नाम भागवत है। उक्त बात दिव्य मुरारी बापू ने वैभव इंडस्ट्रीज निवाली रोड में पहले दिन भागवत कथा के वाचन के दौरान व्यक्त किया।

बापू ने बताया की भागवत की परिक्रमा करने से राधाकृष्ण की परिक्रमा का फल मिलता है। भागवत पोती को नमन करने से राधाकृष्ण को नमन करने का फल मिलता है। भागवत भक्तो के चरित्र की कथा है। इस पर

कथा को सुनने वाले से पूछा गया की आप कोन है तो उन्होंने कहा हम भक्त है। जब भगवान से पूछा गया आप कौन हैं तो उन्होंने कहा की हम भक्तो के भक्त है। जो भक्त दिल से भक्ति में लीन होते है भगवान उस भक्ति में लीन हो जाते है। भागवत में बताया की नर नारी में किसी एक की उपासना करना व दूसरे की उपेक्षा करना उचित नहीं है। जैसा की राम के साथ सीता जुडी है जैसे सीताराम, कृष्ण के साथ राधा राधाकृष्ण, शंकर के साथ गोरी जुड़ा है गोरी शंकर इस लिए दोनो की उपासना करना चाहिए। अयोध्या के महल में सेवा करने वालो की कमी नहीं थी। सभी सेवक गुणी थे। जानकर भी थे। किंतु माता सीता भगवान राम की सेवा खुद करती है। इस लिए माता सीता का नाम भी श्री पड़ा जो भगवान की जो सेवा करती वह श्री है। श्री किसे कहते है जो भगवान की सेवा करते है वह श्री है। जो भगवान जिनकी सेवा करते है वह श्रीजी है। जीवन में हमेशा याद रखना चाहिए अपना नाम बार बार नही लेना चाहिए ओर नाही अपने से बड़े का नाम भी बार बार नही लेना चाहिए लेना है तो आदर से लेना चाहिए। बापू ने कथा का वाचन करने से पूर्व प्रभु नाम का स्कीर्तन करते हुए। कृष्ण गोपाल हरे, रघु दिनदयाल हरे, ...राधे श्याम राधे श्याम श्याम श्याम राधे राधे। मदन मोहन जरा बंशी बजा दोंगे तो क्या होगा। का कीर्तन किया। कथा प्रारंभ से पूर्व कथा यजमान राजेंद्र शर्मा ने भागवत गंथ की पूजा कर आरती की इस दौरान परिवार व रिश्तेदार भी मौजूद थे।

अग्रवाल कालोनी से निकली शोभा यात्रा

श्रीमद् भागवत कथा के लिए अग्रवाल कालोनी स्थित चैतन्य महादेव शिव मंदिर से प्रातः 8 बजे भागवत गंथ की बैंड बाजा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कृष्ण राधा के रूप धारण कर कन्या नाचते हुए 51 कलश लेकर महिलाए चल रही थी कथा वाचक संत दिव्य मुरारी बापू रथ में सवार थे। यजमान राजेंद्र शर्मा, पुत्र वैभव शर्मा के साथ भागवत गंथ को सर पर रख कर चल रहे थे। इस दौरान भक्तगण बारी बारी से गंथ को अपने सर पर रख कर आगे बढ़ते रहे। शोभा यात्रा कथा स्थल निवाली रोड वैभव इंडस्ट्रीज पर पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न हुई।

हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागत योग्य फैसला

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी।

हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी गाने और डांस, शराब पीने और खाने का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है। कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें। प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दशार्या गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि $ वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है - विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रुव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक सम्बंध से अधिक आत्मिक सम्बंध होता है और इस सम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है। हिन्दू विवाह का न केवल पारिवारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है, बल्कि उसका गहन आध्यात्मिक महत्व भी है। हिंदू धर्म ने चार पुरुषार्थ (जीवन की चार बुनियादी खोज), यानी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष निर्धारित किया है। विवाह संस्कार का उद्देश्य काम के पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे-धीरे मोक्ष की ओर बढ़ना है। एक पुरुष और महिला के जीवन में कई महत्वपूर्ण चीजें शादी से जुड़ी होती हैं; उदाहरण के लिए, पुरुष और महिला के बीच प्यार, उनका रिश्ता, संतान, उनके माता-पिता, उनके जीवन में विभिन्न सुखद घटनाएं, सामाजिक स्थिति और समृद्धि। हिंदू समाज में एक विवाहित महिला को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उसके माथे पर कुमकुम-सिन्दूर के साथ एक महिला की दृष्टि, उसके गले में एक मंगलसूत्र पहने हुए, हरी चूड़ियाँ, पैर के अंगूठे के छल्ले और छह या नौ-यार्ड साड़ी स्वचालित रूप से एक पर्यवेक्षक के मन में उसके लिए सम्मान उत्पन्न करता है। हिंदू विवाह के सात वचनों में से, कम से कम तीन ऐसे हैं, जहां जोडे अपने बुजुर्गों की देखभाल करने का वादा करते हैं। पांचवां वचन अपनी संतान पैदा करने और उसकी देखभाल करने का है। हाल के वर्षों में, भारत में हिन्दू विवाह परम्परा एवं संस्कृति से अनेक विसंगतियां एवं विकृतियां जुड़ गयी है, डेटिंग संस्कृति की शुरूआत के साथ, लव-मेरिज का प्रचलन बढ़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवनसाथी चुनना पसंद करते हैं। आज के रोमांटिक-रिश्ते वास्तव में विवाह नहीं हैं, बल्कि एक नई प्रथा है, जिसके विपरीत प्रभाव से परिवार-संस्था बिखरने लगी है। विवाह के साथ प्रीवेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक बना है, बड़े-बडे.भव्य आयोजन एवं होटल संस्कृति ने भी विवाह की पवित्रता को धुंधलाया है। आयोजनों में शराब एवं अन्य नशों का बड़ा प्रचलन भी दुर्घटनाओं का कारण बना है। जिनके कारण विवाह होने से पहले ही उसमें दरारें पड़ते हुए देखी गयी है।

ललित गर्ग
लेखक
दैनिक ग्लोबल हेराल्ड

टी20 विश्व कप चयन पर रोहित और अगरकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस, केएल राहुल को ड्रॉप क्यों किया

नई दिल्ली ■

टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। इस बीच गुरुवार को टीम के कप्तान रोहित शर्मा और पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान केएल राहुल के बारे में सवाल पूछा गया। उन्हें क्यों वर्ल्ड कप स्क्वॉड में जगह नहीं मिली। इस पर अगरकर ने कहा कि राहुल एक शानदार प्लेयर है। हम मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करने वाले खिलाड़ी पर विचार कर रहे हैं। केएल टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज हैं। ऋषभ पंत 5वें नंबर पर खेलते हैं और संजू सैमसन जरूरत पड़ने पर निचले क्रम में खेलने की क्षमता रखते हैं।

मुंबई इंडियंस की कप्तानी जाने पर रोहित ने कहा

आईपीएल में रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस की कप्तानी से हटाकर हार्दिक पंड्या को सौंपी गई है। इस को लेकर सवाल किया गया। इस पर रोहित ने कहा, मेरे लिए यह कोई नया नहीं है। मैं इससे पहले भी कई कप्तानों के अंडर खेल चुका हूं। उन्होंने कहा कि मैं कप्तान था, फिर कप्तान नहीं रहा और अब कप्तान हूं। यह जीवन का पार्ट है। सब कुछ आपके अनुसार नहीं होगा। यह एक शानदार अनुभव रहा है। हिटमैन ने कहा कि मैंने हमेशा वहीं करने की कोशिश की जो एक प्लेयर के तौर पर जरूरी है।

टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज।

रिजर्व खिलाड़ी- शुभमन गिल, रिंकू सिंह, आवेश खान, खलील अहमद

रिंकू इस कारण चूक गए

रिंकू सिंह को विश्व कप 2024 में ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा गया है। उन्हें 15 सदस्यीय में जगह नहीं मिली है। इस पर अजीत अगरकर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह उनकी गलती नहीं है। वह हमारे साथ सफर करने जा रहे हैं। यह रिंकू के लिए कठिन है। मुझे लगता है कि टीम संतुलन के कारण चूक गए।

कोलकाता नाइट राइडर्स और मुम्बई इंडियंस में मुकाबला आज

मुंबई ■

आईपीएल में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस की टीम अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला करेगी। इस मैच में केकेआर जीत के साथ ही अपनी लय बरकरार रखने उतरेगी। केकेआर इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है। केकेआर इस मैच में जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी और मजबूत करना चाहेगी। उसने इस सत्र में 9 मैच में से 6 में जीत दर्ज की है और उसके 12 अंक हैं। वहीं मुम्बई ने केवल तीन मैच जीते हैं और छह अंक ही होने के कारण वह प्लेऑफ से बाहर हो गयी है। मुम्बई की टीम अंकतालिका में 9वें स्थान पर है।

केकेआर का लक्ष्य इस मैच में बड़ा स्कोर बनान रहेगा क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी की सहायक रही है। यहां जमकर चौके और छक्के भी लगते हैं। पिच पर अच्छी उछाल के कारण गेंद आसानी से बल्ले पर आती है। ऐसे में 200 रन का स्कोर भी यहां आराम से हासिल किया जा सकता है। इस मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में मुंबई ने 234 रन बनाये थे। ऐसे में इस मैच में बड़े स्कोर देखने को मिलेंगे। मुम्बई की टीम के बल्लेबाज अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।

मनोरंजन

कभी धर्म बदलतीं तो कभी माफी मांगती नजर आ रहीं गोविंदा की भांजी रागिनी

मशहूर फिल्म अभिनेता गोविंदा की भांजी और टीवी कलाकार रागिनी खन्ना लंबे समय से लाइमलाइट से गायब हैं। वे कहां हैं और क्या कर रही हैं इसको लेकर भी कोई चर्चा नहीं है। उन्हे लगभग भुला ही दिया था कि अचानके उनके वीडियो वायरल होने लगे। जिससे वे एक बार फिर चर्चा आ गई हैं। टीवी एक्ट्रेस रागिनी खन्ना हाल ही में अपनी बहन आरती सिंह की शादी के फंक्शन में शामिल हुई थीं, जहां से उनके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। वहीं, अब एक्ट्रेस का धर्म बदलने को लेकर हैरान करने वाला पोस्ट सामने आया है। रागिनी खन्ना काफी समय से लाइमलाइट से दूर हैं। ऐसे में फैंस को न तो उनके पर्सनल और न ही प्रोफेशनल लाइफ को लेकर कोई अपडेट हैं। ऐसे में उनके धर्म परिवर्तन की बात चौंकाने वाली है। रागिनी खन्ना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में एक पोस्ट शेयर किया। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिया है। इसके बाद आज 2 मई को रागिनी खन्ना का दूसरा पोस्ट सामने आया। जिसमें उन्होंने धर्म बदलने को लेकर माफी मांगी। इसके साथ ही अपना पिछला पोस्ट भी डिलीट कर दिया है। रागिनी खन्ना के नए वीडियो में उनके साथ एक फेमस हिंदी कथा वाचक दिख रहे हैं। पोस्ट के साथ ही एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने वापस हिंदू धर्म अपना लिया है और खुद को कट्टर सनातनी हिंदू बताया।

बालीवुड के सदाबहार स्टार धर्मेंद्र ने मां-बाप के बारे में पुरानी यादें की ताजा

बालीवुड के सदाबहार स्टार धर्मेंद्र ने ट्विटर पर एक पुरानी तस्वीर शेयर की, जिसमें वह, उनके पिता केवल किशन सिंह देओल और उनके बड़े बेटे सनी देओल हैं। धर्मेंद्र ने अपने माता-पिता के बारे में बात करते हुए पुरानी यादों को ताजा किया और उनके साथ ज्यादा समय न बिता पाने पर अफसोस जताया। शेयर की गई तस्वीर में, पिता केवल किशन सिंह छड़ी पकड़े हुए कुर्सी पर बैठे हुए हैं और उनके दोनों ओर धर्मेंद्र और सनी बैठे हैं। तस्वीर के साथ धर्मेंद्र ने लिखा, काश! मां बाप को और वक्त दिया होता! एक्टर ने इंस्टाग्राम पर कैप्शन के साथ एक तस्वीर भी शेयर की: दोस्तों, आपकी शुभकामनाओं और उनके आशीर्वाद से मैं अपनी खेती बाड़ी में बिजी हो गया। आप सभी को प्यार... यह प्यारा ट्रैक्टर राजकोट के एक प्यारे फैन और दोस्त की ओर से गिफ्ट है... इस साल आप मुझे श्रीराम राघवन की एक खूबसूरत फिल्म इक्कीस (21) में देखेंगे। बॉलीवुड के ही-मैन के नाम से मशहूर धर्मेंद्र ने छह दशक से ज्यादा लंबे करियर में 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। उन्हें पिछली बार शाहिद कपूर और कृति सैनन-स्टारर तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में देखा गया था।

फिल्मों की तरह राजनीति में भी सफल होंगी कंगना, पूर्व ब्वॉयफ्रेंड और एक्टर अध्ययन सुमन को है यह यकीन

एक्ट्रेस कंगना रनौत फिल्मों की तरह राजनीति में भी सफल रहेंगी। यह कहना है कि कंगना रनौत के पूर्व ब्वॉयफ्रेंड और एक्टर अध्ययन सुमन का। अध्ययन ने कहा, 'जहां तक कंगना रनौत और उनकी लाइफ और उनके राजनीतिक करियर का सवाल है, मुझे लगता है कि उन्होंने एक एक्टर के रूप में अपने करियर में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है और मैं उनके राजनीतिक करियर के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।'

एक्ट्रेस कंगना रनौत लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा उम्मीदवार हैं। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित फिल्म 'राज- द मिस्ट्री कंटीन्यू' में अध्ययन सुमन लीड एक्टर थे और उनके अपोजिट फिल्म में कंगना रनौत को कास्ट किया गया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान इन दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और दोनों का अफेयर शुरू हो गया। अध्ययन ने लगभग आठ साल बाद 2017 में, ब्रेकअप पर बोलते हुए कंगना रनौत पर शारीरिक और मानसिक शोषण का आरोप लगाया था। फिलहाल, अध्ययन 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, जो संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित सीरीज है, जो लाहौर में तवायफों और नवाबों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। सीरीज में नवाब की भूमिका निभा रहे अध्ययन ने कहा कि उन्होंने काफी लंबे समय से एक मौके का इंतजार किया है। अध्ययन ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इसे सराहेंगे। मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं सपना जी रहा हूं। मैंने कभी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की उम्मीद नहीं की थी।

उबेर कप क्वार्टर फाइनल में जापान से हारी भारतीय महिला टीम, थॉमस कप में पुरुषों का चीन से होगा सामना

चेंगदू (चीन) ■

अष्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को जापान ने 3-0 से हराया। पीवी सिंधू के बगैर खेल रही भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में कनाडा और सिंगापुर को हराकर नॉकआउट के लिये क्वालिफाई किया था, लेकिन आखिरी लीग मैच में उसे चीन ने 5-0 से मात दी थी। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से हराया।

ईशारानी बरूआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी

ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। वहीं राष्ट्रीय चैम्पियन प्रिया के और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया। भारत तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबर कप सेमीफाइनल में पहुंचा है। गत चैम्पियन भारतीय पुरूष टीम थॉमस कप क्वार्टर फाइनल में चीन से खेलेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव सविता की जगह सलीमा टेटे बनीं कप्तान

नई दिल्ली ■

भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। वहीं, नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा- मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं।

उन्होंने कहा, एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और

इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है। सविता ओलंपिक क्वालिफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थीं। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था।

भारतीय महिला टीम

गोलकीपर : सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबाम।

डिफेंडर : निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी।

मिडफील्डर : सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी।

फॉरवर्ड : मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग।

मयंक के दोबारा चोटिल होने के लिए सुपर जॉयंट्स का प्रबंधन दोषी : ब्रेट ली

सिडनी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने लखनऊ सुपर जॉयंट्स के उभरते हुए तेज गेंदबाज मयंक यादव के दूसरी बार चोटिल होने पर चिन्ता जताते हुए टीम प्रबंधन पर निशाना साधा है। ब्रेट ली के अनुसार मयंक को पूरी तरह से फिट होने तक नहीं दिया जा रहा है। टीम प्रबंधन ने अपने लाभ के लिए उन्हें जबरदस्ती मैदान में उतारा था। इसी कारण वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना ओवर तक पूरा नहीं कर पाये। ली ने कहा कि मयंक को समय से पहले ही मैदान में उतार दिया गया जबकि उन्हें जिस प्रकार से पेट की मांसपेशियों में खिंचाव आया है उसे ठीक होने में काफी समय लगता है। मयंक इस आईपीएल सत्र में इतिहास की सबसे तेज गेंद फेंककर चर्चाओं में आये थे।

धोनी जैसे फिनिशर बन सकते हैं रिंकू : सिद्धू

मुम्बई ■

पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू का मानना है कि रिंकू सिंह एक बेहतरीन फिनिशर हैं और वह इस भूमिका में पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की जगह ले सकते हैं। धोनी के संन्यास के बाद से ही भारतीय टीम किसी अच्छे फिनिशर की तलाश में है और सिद्धू का मानना है कि ये रिंकू से पूरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि रिंकू इस मामले में टीम के लिए फायदेमंद साबित होंगे।

रिंकू ने कुछ मैचों में भारतीय टीम के लिए अपनी प्रतिभा दिखाई है। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए वह फिनिशर की भूमिका निभा रहे हैं। रिंकू को इस सत्र में अब तक बल्लेबाजी कौशल दिखने का पूरा

अवसर नहीं मिला है। सिद्धू ने कहा, रिंकू धोनी की जगह ले सकते हैं। वह दिग्गज खिलाड़ी की तरह खेल खत्म कर सकते हैं। रिंकू काफी प्रतिभाशाली है और मैदान के सभी हिस्सों में शॉट लगाने में सक्षम है। इसके साथ ही स्वभाव की बात करें तो वह धोनी की तरह ही वह शांत और तनावमुक्त रहता है। कठिन अवसरों पर भी बल्लेबाजी करते समय वह दबाव में नहीं आता और खुलकर बल्लेबाजी करता है। ऐसे में वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं और अवसर दिये जाने पर वह वह लंबे समय तक टीम के लिए फिनिशर की जिम्मेदारी निभा सकता है।

अगले साल भारत में होगी विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप : बीडब्ल्यूएफ

नई दिल्ली। विश्व जूनियर चैंपियनशिप अगले साल 2025 में भारत में होगी। इसका आयोजन गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में किया जाएगा। बैडमिंटन की वैश्विक संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा कि करीब 15 साल बाद ये चैंपियनशिप भारत में होने जा रही है। इससे पहले साल 2008 में इसका आयोजन भारत में हुआ था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ''टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं गुवाहाटी राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी।'' पिछली बार इन खेलों का आयेजन पुणे में हुआ था। वहीं इसको लेकर बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष पॉल-एरिक होयर ने कहा, ''भारत में तेजी से बैडमिंटन में बेहतरीन प्रतिभाएं सामने आ रही हैं, ऐसे में विश्व जूनियर प्रतियोगिता का दूसरी बार भारत में आयोजनप और भी अहम है। '' उन्होंने कहा, ''बीएआई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बैडमिंटन में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं है और ऐसे में यह उभरती हुई प्रतिभाओं के लिए टीम और व्यक्तिगत खिताब के लिए चुनौती पेश करने का बेहतरीन स्थान होगा।

LITTAL®
www.pramodmarutiparts.com

अब आप भी बन सकते हैं
ग्लोबल रिपोर्टर
अपने आस-पास होने वाली महत्वपूर्ण गतिविधियां, घटना-दुर्घटना की खबर, फोटो या वीडियो हमें वाट्सएप करें
7999509078
ना केबल कनेक्शन की झंझट, ना ही सेट-टॉप बॉक्स का खर्चा
ग्लोबल हेराल्ड न्यूज़ अब IPTV पर भी
बस एक बार गूगल करें और देखें हमेशा ताज़ातरीन खबरें
www.globalheraldtv.com
ग्लोबल हेराल्ड NATIONAL HERALD
न्यूज पेपर न्यूज चेनल वेब टीवी
editor@globalherald.news



प्रकाशक एवं मुद्रक **विष्णु गोयल** द्वारा स्वामी शिवा पब्लिकेशन के लिए 1-ए, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स एबी रोड, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विस प्रा.लि. रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे, सेंटर पाइंट, मांगलिया बायपास, इंदौर, मध्यप्रदेश से मुद्रित। Epaper_www.globalherald.news
प्रधान संपादक -**विष्णु गोयल,** सलाहकार संपादक- **सौरभ बैनर्जी**, प्रदेश संपादक- **दिलीप शर्मा**, स्थानीय संपादक **सत्येन्द्र जैन***(*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। मोबाइल नं.:-7999509078, आर.एन.आई. नं. MPHIN/2012/41876, email- editor@nationalherald.org, डाक पंजीयन क्रमांक - **MP/IDC/1438/2016-2018**